**रोहतक**
गुरुवार, 18 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 319
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 26.0
न्यून. 5.6

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 84,559.65 | 120.21 ▼ |
| निफ्टी | 25,815.55 | 40.55 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 1,36,500/- | 600/- ▲ |
| चांदी | 2,05,800/- | 7300/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 90.38 | 55 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 60.17 बैरल | 2.12% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## पुलिस भर्ती में बड़े बदलावः ज्ञान परीक्षा का वेटेज बढ़ाकर 97 प्रतिशत किया

**एनसीसी प्रमाण पत्र धारकों को मिलेंगे अतिरिक्त अंक**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सरकार ने राज्य में पुलिस भर्ती प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए ज्ञान परीक्षा का वेटेज बढ़ाकर 97 फीसदी कर दिया है। साथ ही, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) प्रमाण पत्र धारकों को अतिरिक्त अंक देने का भी प्रावधान किया है। गृह विभाग ने 16 दिसंबर को जारी अधिसूचना में पंजाब पुलिस नियम, 1934 (जो हरियाणा में लागू हैं) में ये संशोधन किए हैं।

- हर श्रेणी में 10 गुना शॉर्टलिस्टिंग का नया नियम

**नए नियम में ये खास**

नए नियमों के अनुसार, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग प्रत्येक श्रेणी में विज्ञापित पदों की संख्या के दस गुना उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करेगा। ये उम्मीदवार वे होंगे जो शारीरिक मापदंड परीक्षण और शारीरिक जांच परीक्षण में उत्तीर्ण हो चुके हैं। इसके बाद इन्हें 97 प्रतिशत भारांक वाली ज्ञान परीक्षा में शामिल होना होगा।

**संबंधित क्षेत्र/व्यापार से जुड़े विषय**

हरियाणा पर विशेष जोरः कुल प्रश्नों में से कम से कम 10 प्रतिशत प्रश्न हरियाणा के बुनियादी ज्ञान से संबंधित होंगे। इसके अलावा, 20 प्रतिशत प्रश्न हरियाणा के बारे में सामान्य ज्ञान से होंगे।



**ये विषय शामिल होंगे**

- सामान्य अध्ययन
- सामयिकी
- सामान्य विज्ञान
- सामान्य तर्कशक्ति
- मानसिक योग्यता
- संख्यात्मक योग्यता
- कृषि एवं पशुपालन

**मुख्य बिन्दु**

- ज्ञान परीक्षा का वेटेजः 97%
- शॉर्टलिस्टिंगः विज्ञापित पदों का 10 गुना
- प्रश्नों की संख्याः 90 एमसीक्यूएस
- हरियाणा से प्रश्नः 30 फीसदी (20% सामान्य ज्ञान + 10% बुनियादी ज्ञान)
- सामान्य श्रेणी उत्तीर्णांकः 50%
- आरक्षित श्रेणी उत्तीर्णांकः 40%
- एनसीसी बोनसः **A**=01, **B**=02, **C**=03 अंक
- परीक्षा माध्यमः हिंदी/अंग्रेजी द्विभाषी

## हांसी को हरियाणा के 23वें जिले के रूप में कैबिनेट की मंजूरी, विस सत्र आज से

**बीएसी की बैठक में फैसला, शीत सत्र में तीन बैठकें होंगी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सीएम नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में हांसी को नया जिला बनाने की मंजूरी मिल गई है। इस निर्णय के साथ ही हांसी हरियाणा राज्य का 23वां जिला होगा। इससे पहले हरियाणा विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक बुधवार को विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शीतकालीन सत्र के कार्य एवं कार्यसूची विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से



निर्णय लिया गया कि विधान सभा का शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से शुरू होकर 22 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान 3 बैठकें होंगी। 20-21 दिसंबर को अवकाश रहेगा। बैठक में सत्र को सुचारू, सार्थक एवं जनहितकारी बनाने के लिए जरूरी व्यवस्थाओं एवं कार्य संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। इस विस सत्र में चार ऑर्डिनेंस को लेकर बिलों में कनवर्ट करने के लिए होमवर्क तैयार है। इसमें पंचायती राज ग्राम सभाओं में सुधारीकरण की मुहिम चलेगी, जिसमें 40 ग्राम सभा के दौरान इस पर मंथन होगा और शॉप एक्ट श्रम कानूनों में बदलाव व कामकाज के घंटे तय करने के साथ ही ओवरटाइम दिए जाने लिए बिल लाया जाएगा व जनविश्वास संशोधन बिल भी लाया जाएगा।

**हांसी में 110 गांव शामिल किए जाएंगे**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में हांसी को हरियाणा का 23वां जिला बनाने की मंजूरी मिल गई है। बता दें कि विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में गठित राज्य पुनर्गठन समिति ने 9 दिसंबर को हांसी के जिला गठन को मंजूरी दी थी। हांसी और नारनौंद विधानसभा क्षेत्र के कुल 110 गांव शामिल किए जाएंगे, जो अभी हिसार का हिस्सा हैं।

## खबर संक्षेप

### चांदी रिकॉर्ड : दो लाख रुपये प्रति किलो के पार

**नई दिल्ली।** घरेलू और वैश्विक बाजारों में मजबूत मांग से चांदी की कीमत में बुधवार को 7,300 रुपये का उछाल आया और नई दिल्ली में यह पहली बार दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी का भाव बुधवार को 2,05,800 रुपये प्रति किग्रा रहा। मंगलवार को इसका बंद भाव 1,98,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। स्थानीय सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये चढ़कर 1,36,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई जबकि मंगलवार को यह 1,35,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोने की कीमत 18.59 अमेरिकी डॉलर यानी 0.43 प्रतिशत बढ़कर 4,321.06 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई।

### अहमदाबाद के 10 स्कूलों को उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के 10 निजी विद्यालयों को ई-मेल के जरिए बुधवार को बम विस्फोट की धमकी मिली जो बाद में फर्जी साबित हुई। तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पजोन-1 के पुलिस उपायुक्त हर्षद पटेल ने बताया कि इन विद्यालयों में दोपहर की पाली के लिए अवकाश घोषित कर दिया गया, क्योंकि ई-मेल सुबह की पाली समाप्त होने के बाद मिले। पटेल ने बताया कि सूचना पर पुलिस, बम निरोधक एवं निस्तारण दस्ते, श्वान दस्ते और विध्वंस-रोधी दलों के साथ विद्यालयों में पहुंची और व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया।

### खेल मंत्री माणिकराव को दो साल की जेल

**नासिक।** महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। नासिक जिला और सेशंस कोर्ट ने राज्य के खेल मंत्री और अजित पवार गुट की एनसीपी के वरिष्ठ नेता माणिकराव कोकाटे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। यह कार्रवाई उस फैसले के एक दिन बाद हुई है, जिसमें कोर्ट ने कोकाटे और उनके भाई विजय को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत फ्लैट घोटाले में दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा और 10 हजार जुर्माने की सजा सुनाई थी। यह जानकारी सामने आई है कि दोनों निजी अस्पताल में भर्ती हैं।

### दोबारा न हों जूता फेंकने जैसी घटनाएं, उपाय सुझाएं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और 'सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन' (एससीबीए) से पूर्व सीजेआई बीआर गवई पर अदालत कक्ष में जूता फेंकने के प्रयास जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उपाय सुझाने को कहा। ऐसी घटनाओं की रिपोर्टिंग को लेकर एक एसओपी तैयार करने के सुझाव भी मांगे। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले की सुनवाई की। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और वरिष्ठ अधिवक्ता एवं एससीबीए अध्यक्ष विकास सिंह से इस संबंध में सुझाव मांगे।

## कई जिलों में वाहन भिड़े, करनाल में कैंटर चालक की मौत, विज ने हादसों पर रिपोर्ट तलब की

# सूबे के 8 जिलों में धुंध, अब 60 किमी की रफ्तार से चलेंगी बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

*कई दिनों से दिन और रात का मौसम पल-पल बदल रहा है। फतेहाबाद में तापमान 3 डिग्री बढ़कर 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहा। हालांकि बुधवार रात के समय शीतलहर चलने से लोगों को कंपकपी छूट गई। वहीं, कई जिलों में वाहन भिड़ने से 10 से अधिक लोग घायल हो गए।*

प्रदेश के करीब 8 जिलों में बुधवार सुबह धुंध छाई रही। इनमें हिसार, सिरसा, कैथल, यमुनानगर, करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत व सोनीपत शामिल हैं। पानीपत में सुबह शीतलहर चली। वहीं, करनाल में मेरठ रोड पर कैंटर, ट्रक में जा घुसा। कैबिन में फंसने से कैंटर के ड्राइवर की मौत हो गई। दूसरी तरफ, राज्य में घनी धुंध के चलते परिवहन मंत्री अनिल विज ने लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने रोडवेज के ड्राइवरों को 60 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से ही बस चलाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, सभी बसों के आगे और पीछे रिफ्लेक्टर लगाने को भी कहा है। वहीं, फरीदाबाद में बुधवार सुबह बड़खल चौक पर माल से भरे एक ट्रक की खाली डंपर से टक्कर हो गई। इस हादसे में ट्रक ड्राइवर समेत कई लोग घायल हो गए। प्रदेश में सुबह और शाम के समय कोल्ड वेव की स्थिति बनी हुई है। प्रदेशभर में वाहन टकराने की घटनाओं में दस से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है।

*शीत लहर ने कंपकंपाया, आज एक्टिव होगा पश्चिमी विक्षोभ*

*विज ने सभी बसों के आगे व पीछे रिफ्लेक्टर लगाने को भी कहा*



**गेहूं के लिए वरदान**

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह मौसम गेहूं की फसल के लिए अनुकूल है। रात की ठंड और सुबह की ओस गेहूं में फुटाव की तेज करेगी, जिससे फसल की गुणवत्ता और पैदावार दोनों में सुधार होगा। वहीं, आलू और सरसों के किसानों को सतर्क रहने की जरूरत है। इसमें बीमारी आने का खतरा है।

**बीस तक खुश्क रहेगा मौसम**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन लाल खीचड़ ने बताया कि 18 व 19 दिसंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से तेज हवा चलने की संभावना है। इसके बाद बादलवाई के आसार है जिसके बाद तापमान में गिरावट आएगी। मौसम 20 दिसंबर तक खुश्क व परिवर्तनशील बना रहेगा। अलसुबह हल्की से मध्यम धुंध रहने की संभावना है।

**प्रदूषण पर एक और प्रहार की तैयारी**

### एनसीआर में कॉमर्शियल डीजल पेट्रोल वाहनों पर रोक की तैयारी


**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के अंतर्गत आने वाले हरियाणा के जिलों में सरकार कॉमर्शियल वर्क के लिए चल रहे पेट्रोल और डीजल के वाहनों पर रोक लगाने की तैयारी में है। संबंधित कंपनियों और ट्रांसपोर्टरों को हिदायत दी गई है कि 1 जनवरी 2026 से वे अपने बेड़े में केवल सीएनजी, इलेक्ट्रिक या हाइब्रिड ऑटो रिक्शा को ही शामिल करें। सरकार ने इसको लेकर प्रभावित लोगों से एक सप्ताह में सुझाव भी मांगे हैं। इसका असर सबसे ज्यादा फरीदाबाद, गुरुग्राम, झज्जर और सोनीपत जिलों में पड़ेगा। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के निर्देश संख्या 94 के तहत अब मोटर कैब, टैक्सी, डिलीवरी सर्विस प्रोवाइडर और ई-कॉमर्स कंपनियों के वाहनों को चरणबद्ध तरीके से केवल सीएनजी, इलेक्ट्रिक या हाइब्रिड ऑटो रिक्शा में परिवर्तित करना अनिवार्य होगा। इसके बाद किसी भी डिलीवरी कंपनी को पेट्रोल-डीजल वाली बाइक, स्कूटर, ऑटो या छोटे चारपहिया वाहन इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी। इस निर्देश का सीधा प्रभाव स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट, अमेजन, फ्लिपकार्ट जैसी प्रमुख कंपनियों और हजारों डिलीवरी पार्टनर्स पर पड़ेगा। उन्हें जल्द ही अपनी संपूर्ण डिलीवरी फ्लीट को सीएनजी या इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) में बदलना होगा।

- एक जनवरी से लागू होंगे नए नियम
- मोटर कैब-डिलीवरी वाहन सीएनजी/ईवी में बदलने होंगे

## दिल्ली में प्रदूषण से बिगड़े हालात, एक्यूआई 384 पर

### 50% कर्मियों को वर्क फ्रॉम होम, ग्रैप-4 लागू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में जानलेवा प्रदूषण के चलते भाजपा सरकार ने बुधवार को सभी सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों में 50% कर्मियों के लिए वर्क फ्रॉम होम नियम लागू कर दिया है। यानी अब सभी दफ्तरों में सिर्फ आधे कर्मचारी जाएंगे। आधे कर्मचारी घर से काम करेंगे। दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने निर्देश जारी किए। इसके साथ ही गुरुवार सुबह 8 बजे से राजधानी में ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू हो जाएंगी। कुछ सेक्टरों, जैसे हेल्थकेयर, फायर सर्विस, जेल प्रशासन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, डिजास्टर मैनेजमेंट जैसे जरूरी सेवाएं देने वाली संस्थानों को नियम से छूट दी गई है। इस दौरान निर्माण कार्य बंद थे। इससे दिहाड़ी मजदूर प्रभावित हुए हैं। उन्हें सरकार 10,000 का मुआवजा देगी। उधर नई दिल्ली में बुधवार सुबह एक्यूआई 384 रहा, हवा का स्तर 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। सुबह से स्मॉग छाया रहा।



*नर्सरी से कक्षा पांच तक के छात्रों के लिए स्कूल बंद रहेंगे*

**ग्रैप-4 में ये पाबंदियां**

- दूसरे राज्यों के भारी वाहनों की दिल्ली में एंट्री बंद रहेगी।
- बीएस-4 बड़े व्यावसायिक वाहनों की एंट्री पर रोक।
- निर्माण कार्य बंद, स्कूल हाइब्रिड मोड में, कचरा/ईंधन जलाने, डीजल जेनरेटर, आरएमसी प्लांट, स्टोन क्रशर, ईंट भट्ठे और खनन पर रोक रहेगी।

### नौ टोल प्लाजा अस्थायी रूप से बंद करें

देश की राजधानी और एनसीआर गैस चैंबर बन चुके हैं। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाया है। कोर्ट ने दिल्ली के बॉर्डर पर लगने वाले जाम को प्रदूषण की एक बड़ी वजह माना है। इसे खत्म करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया और दिल्ली नगर निगम को सख्त निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली के 9 एंट्री पॉइंट्स पर मौजूद टोल प्लाजा को या तो शिफ्ट किया जाए या फिर अस्थायी तौर पर बंद कर दिया जाए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने एमसीडी को फैसला लेने के लिए सिर्फ एक हफ्ते का समय दिया है। (पेज 5 भी देखें)

## सिरसा में अपहरण के बाद मासूम की हत्या

**बच्ची का शव गांव के बाहर माइनर में फेंका**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

गांव रामपुरिया बिश्नोइयां में चार साल की मासूम बच्ची के अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह माइनर के पास शव मिला। सूचना पर डबवाली की एसपी निकिता खट्टर घटनास्थल पर पहुंचीं और परिजनों को आश्वासन दिया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीड़ित परिजन मामले में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तार के बाद ही अंतिम संस्कार करने पर अड़े हुए है। पुलिस ने इस मामले में संजय नामक एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि एक अन्य को हिरासत में लिया गया है। मृतक बच्ची के परिजनों ने रामपुरा बिश्नोईयां गांव में गोरीवाला रोड पर धरना लगा दिया। आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई हो। बच्ची की मां बोली, पापियों को फांसी दो।

**शाम को घर के बाहर खेल रही थी**

परिजनों के मुताबिक चार वर्षीय बच्ची मंगलवार शाम को घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाला युवक उसे चीज दिलाने के बहाने साथ ले गया। मोटरसाइकिल पर बच्ची को ले जाने वाला युवक पड़ोसी परिवार का रिश्तेदार है। देर शाम तक बच्ची घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। गांव में मुनादी करवाई गई और पुलिस को सूचना दी गई।

**सीसीटीवी खंगालने पर हुई पहचान**

सूचना पर मंगलवार रात्रि को पुलिस मौके पर पहुंची और सर्च अभियान शुरू किया। सीसीटीवी खंगालने पर आरोपी की पहचान हुई जिसके बाद उसने पूरा घटनाक्रम बताया। परिजनों ने आरोपी युवक सहित पड़ोसी परिवार पर कई आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जब तब सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, तब तक वे अंतिम संस्कार नहीं कराएंगे।

**एक आरोपी गिरफ्तार**

थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह बच्ची का शव गांव से बाहर छोटी माइनर से बरामद कर लिया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक अन्य को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है।

### कैथल की युवती की ऑस्ट्रेलिया में मौत

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** गांव सिरसल की लड़की वैशाली शर्मा (19) की ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में मौत हो गई। उसके दिमाग की नस अचानक फट गई। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके। वैशाली के पिता प्रीतम सिंह ने बताया कि वैशाली 3 माह पहले ही ऑस्ट्रेलिया में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए गई थी। परिवार ने करीब साढ़े 20 लाख रुपये का कर्ज लेकर उसे ऑस्ट्रेलिया भेज था। बीकॉम सेकेंड ईयर में पढ़ाई कर रही थी।



पढ़ाई करने गई थी, दिमाग की नस फटी

### लूथरा बंधु पांच दिन की पुलिस हिरासत में

**पणजी (भाषा)।** उत्तर गोवा की अदालत ने 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब के सह-मालिक गौरव और सौरभ लूथरा को बुधवार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। थाईलैंड से निर्वासित होने के बाद दिल्ली पहुंचते ही लूथरा बंधुओं को छह दिसंबर को क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत के मामले में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उत्तर गोवा के जिला अस्पताल में दो बार स्वास्थ्य जांच कराने के बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया।



आज सुबह दिल्ली से गोवा पुलिस ले गई थी

### डिजिटल अरेस्ट पीड़ितों को मिले मुआवजा

**नई दिल्ली (भाषा)।** देशभर में डिजिटल अरेस्ट के मामले तेजी से बढ़ रहे है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट जैसे ऑनलाइन ठगी के मामलों में पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए केंद्र सरकार से ठोस कदम उठाने को कहा है। सुको हरियाणा के बुजुर्ग दंपति की शिकायत पर मामला स्वतः संज्ञान में लिया। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हैरानी होती है कि इन ठगों ने देश से कितना पैसा बाहर भेज दिया है।



हरियाणा के बुजुर्ग दंपति ने की शिकायत

### देश में एआई बेस्ड डिजिटल 'टोल सिस्टम' लागू होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की हाईवे यात्रा में बड़ा बदलाव आने वाला है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने ऐलान किया है कि 2026 के अंत तक पूरे भारत में एआई आधारित डिजिटल टोल कलेक्शन सिस्टम लागू कर दिया जाएगा। इसके बाद टोल प्लाजा पर गाड़ियों को रुकने की जरूरत नहीं होगी। मल्टी लेन फ्री फ्लो यानी एमएलएफएफ सिस्टम से यात्रा तेज होगी, ईंधन की बचत होगी और सरकार की आमदनी भी बढ़ेगी।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का ऐलान

## मोदी ने इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया

# भारत व इथियोपिया क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के मामले में प्राकृतिक साझीदार

**विश्व की 18वीं संसद में मोदी ने विचार रखे**

*मोदी ने कहा कि इस वर्ष की शुरुआत में रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर के साथ हमारी पारस्परिक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है। यह व्यवस्था निकट सैन्य सहयोग पर केंद्रित है। भारत और इथियोपिया के बीच "जलवायु और विचारों के मामले में भी समानता है।*

**अदीस अबाबा/नई दिल्ली (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को इथियोपियाई संसद को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और इथियोपिया क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के मामले में 'प्राकृतिक साझीदार' हैं। मंगलवार को अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा पर इथियोपिया पहुंचे मोदी ने इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। यह विश्व की 18वीं संसद है जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इथियोपिया अफ्रीका के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में स्थित है। भारत हिंद महासागर के केंद्र में स्थित है।

**सम्मान में लंबे समय तक तालियां बजती रहीं**



संसद को संबोधित करने के बाद मोदी के सम्मान में लंबे समय तक तालियां बजती रहीं। पीएम ने 'एक्स' पर कहा कि इथियोपियाई संसद को संबोधित करना उनके लिए 'बहुत बड़ा सम्मान और सौभाग्य" है। इथियोपिया का समृद्ध इतिहास, संस्कृति और आत्मा गहरे सम्मान व प्रशंसा की प्रेरणा देती है। मैंने साझा मूल्यों, पारस्परिक विश्वास और शांति, विकास व सहयोग की साझा दृष्टि से निर्देशित हमारी साझेदारी को और मजबूत करने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**भारत-ओमान मुक्त व्यापार 'समझौता' अगले 100 सालों के लिए साझा सोच**

**मस्कट।** पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार से ओमान के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। ओमान की जानी-मानी कारोबारी कंपनी खिमजी रामदास ग्रुप के निदेशक अजय खिमजी ने पीएम के दौरे को भारत व ओमान दोनों के लिए सम्मान की बात बताया। खिमजी ने कहा कि भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) आने वाले सौ सालों के लिए हमारी साझा सोच की घोषणा है।

## खबर संक्षेप

### 41वीं राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी कुरुक्षेत्र में

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा आगामी 6 से 8 फरवरी, 2026 को जिला कुरुक्षेत्र में 41वीं राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया जाएगा। महत्वपूर्ण आयोजन के लिए सेवा प्रदाता के चयन के लिए आज पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, विभाग के आयुक्त एवं सचिव विजय सिंह दहिया, महानिदेशक डॉ. प्रेम सिंह तथा आपूर्ति एवं निपटान विभाग के संयुक्त निदेशक मोहित कौशिक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

**चंडीगढ़।** राज्यपाल को रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा ने प्रधान वजीर सिंह की अध्यक्षता में ज्ञापन दिया। महासचिव रतन कुमार जिंदल ने ज्ञापन देते हुए बताया कि सरकार द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों के वित्त विधेयक मार्च 2025 व आठवां वेतन आयोग में जो टर्म्स ऑफ रेफरेंस लागू किया है उसके बारे में रिटायर्ड कर्मचारियों में गहरा असंतोष है और आज पूरे भारतवर्ष का केंद्रीय एवं राज्य रिटायर्ड कर्मचारी पूरा भयभीत है।

### प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत खराब : दुष्यंत

**चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने एक बार फिर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश की कानून व्यवस्था के इतने खराब हालात हो चुके है कि सरेआम बुलेटप्रूफ गाड़ी से यूनिवर्सिटी में बदमाशी हो रही है और डबवाली में तो चार साल की मासूम बच्ची को किडनैप कर उसकी हत्या कर दी गई, एक ट्वीट के जरिए रोहतक की महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में बुधवार को हुए झगड़े को लेकर भी सवाल उठाया।

# जनसेवा शासन की मूल भावना, शिकायतों का सम्मानपूर्वक समाधान करें : सीएम

■ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम परिवेदना समिति की बैठक में शिकायतों पर सुनवाई कर समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुरुग्राम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनसेवा को शासन की मूल भावना बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालयों में शिकायत लेकर आने वाला हर नागरिक सम्मान और संतोष के साथ लौटे। जनसमस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील निवारण करना केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी भी है, जिसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर निभाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री बुधवार को गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 16 परिवाद रखे गए, जिनमें से मुख्यमंत्री ने 12 का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि 4 मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन लंबित मामलों की स्टेटस रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करें।

### समाधान शिविरों से आमजन को मिल रहा त्वरित न्याय : मुख्यमंत्री

*मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निवारण के उद्देश्य से जिला एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन समाधान शिविरों में अब तक कुल 40 हजार शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से लगभग 30 हजार शिकायतों का सफलतापूर्वक समाधान किया जा चुका है।*



*मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके पास सीधे तौर पर प्राप्त हुई 1 लाख 42 हजार शिकायतों में से 1 लाख 35 हजार शिकायतों का निवारण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो पोर्टल पर भी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में वहां केवल वही शिकायतें लंबित हैं, जो न्यायालय से संबंधित हैं।*



### 15 दिन में पूरा होगा धनवापुर अंडरपास का रिपेयर वर्क

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष धनवापुर रेलवे अंडरपास में जल रिसाव एवं उससे उत्पन्न जलभराव के कारण राहगीरों को हो रही परेशानियों का मामला रखा गया। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंडरपास का रिपेयर कार्य आगामी 15 दिनों के भीतर पूर्ण कर आमजन के लिए सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में इस प्रकार की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो, ताकि आम नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### जटौली मंडी पैक्स मैनेजर के खिलाफ जांच के निर्देश

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पटौदी क्षेत्र के छिल्लरकी एक शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जटौली मंडी पैक्स के मैनेजर के खिलाफ जांच के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता ने बताया कि मैनेजर की कार्यशैली के कारण किसानों को खाद प्राप्त करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा किसानों के साथ उसका व्यवहार भी संतोषजनक नहीं है। इसके अलावा खाद वितरण में मनमानी किए जाने के आरोप भी लगाए गए। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट जिला उपायुक्त को भेजे।

### ग्वालापहाड़ी में ग्रीन बेल्ट पर अवैध कब्जों की पैमाइश होगी

मुख्यमंत्री ने गांव ग्वालापहाड़ी में मास्टर प्लान के अंतर्गत छोड़ी गई ग्रीन बेल्ट भूमि पर किए गए अवैध कब्जों के मामले का गंभीरता से संज्ञान लिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौके पर पैमाइश कर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए, ताकि वास्तविक तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि, विशेषकर ग्रीन बेल्ट जैसी सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि पैमाइश के उपरांत यदि अवैध कब्जे पाए जाते हैं तो सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## सर्दी में गर्म रहेगी हरियाणा विधानसभा, सरकार व विपक्ष पूरी तरह तैयार

# कांग्रेस हमलावर, भाजपा ने बैठक कर बनाई रणनीति

### हाईकमान का कांग्रेस विधायकों को निर्देश, सदन में पूरी तैयारी के साथ पहुंचे

योगेंद्र शर्मा ⏩ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र बृहस्पतिवार की सुबह 11 बजे से शुरु होने जा रहा है। विधानसभा में सर्दी के बावजूद माहौल गर्म रखने की तैयारी विपक्षी नेताओं ने कर ली है। खासतौर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिल्कार्जुन खड़गे और राहुल गांधी की ओर से स्पष्ट आदेश होने के बाद में कांग्रेस के सभी नेता जोरदार तैयारी में हैं। वे भाजपा सरकार को घेरने का कोई भी मौका इस बार नहीं छोड़ना चाहते, कानून व्यवस्था, नेशनल हेराल्ड केस में वैसे भी कांग्रेस देशभर में प्रदर्शन करने में जुटी हुई है। पंचकूला और चंडीगढ़ में भी कांग्रेसी बुधवार को प्रदर्शन और विरोध में जुटे रहे। कुल मिलाकर वीरवार और शुक्रवार को सदन दो दिनों तक चलने के बाद में शनिवार और रविवार को अवकाश रहेगा। इसके बाद में सोमवार को भी सदन की कार्यवाही चलेगी।

### मुख्यमंत्री ने आवास पर की मंत्रिमंडल की बैठक, कई अहम बिंदुओं पर चर्चा

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देर रात को मंत्रीमंडल की बैठक बुला ली है। बताया जा रहा है कि



मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में यह बैठक राज्य में 23 वां जिला बनाए जाने की घोषणा के बाद में इस प्रक्रिया को तेज करने के साथ ही कुछ अहम विषयों पर मंथन होना है। इसके अलावा सीएम इस बार के शीतकालीन सत्र को लेकर भी अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ में चिंतन मंथन में जुटे हैं। कुछ अहम कामकाज भी निपटाने हैं, इसके अलावा बिजनेस नहीं थमे और सदन में कामकाज ठीक तरह से चले इस पर सीएम का फोकस रहेगा। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने साथियों के लिए रात्रि भोज का आयोजन भी सीएम आवास पर ही किया है। सदन के अंदर की रणनीति को लेकर भी एक बार फिर से विचार हो रहा है। इसके साथ ही पार्टी संगठन से जुड़े कुछ मामलों पर भी मंथन होगा। भाजपा के अध्यक्ष मोहनलाल बडौली को भी इस दौरान बुलाया गया है।

### कानून व्यवस्था की हालत पर बहस कांग्रेस लाएगी अविश्वास प्रस्ताव

कांग्रेस पार्टी के नेता इस बार कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाने और आक्रामक रहने की तैयारी में हैं। खास बात यहां पर यह है कि कांग्रेस अल्पमत में होने के बाद भी सत्तापक्ष भाजपा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएगी। इसके लिए कांग्रेस नेताओं द्वारा तैयारी कर ली गई है, कांग्रेसी नेताओं का दावा है कि प्रदेश की जनता ने तो कांग्रेस को सत्ता सौंपी थी, लेकिन भाजपा नेताओं ने खेल कर दिया। सूबे में हत्या, फिरौती और कानून व्यवस्था की बिगड़ती हालत पर कांग्रेस इस बार तगड़ी घेरेबंदी की तैयारी में हैं। विस की सुरक्षा और विधायकों, मंत्रियों के साथ साथ तमाम वीवीआईपी की सुरक्षा के मामले को लेकर हरियाणा सीआईडी और पुलिस के साथ साथ विशेष फोर्स, चंडीगढ़ पुलिस प्रशासन के अफसर आपस में तालमेल रखे हुए हैं। देर रात तक सारे इंतजाम पूरे कर लिए गए।

### 50 हजार संपत्ति पंजीकरण सफलतापूर्वक पूरे : सुमिता मिश्रा



**चंडीगढ़।** राजस्व और आपदा प्रबंधन वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि प्रदेश की कागज रहित पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से लगभग 50,000 संपत्ति पंजीकरण सफलतापूर्वक पूरे किए गए हैं, जो छह दशक पुरानी राजस्व प्रक्रियाओं में ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक बन रही है। पंचकूला तहसील कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान डॉ. मिश्रा ने कहा कि भूमि अभिलेखों में पारदर्शिता और प्रामाणिकता को और मजबूत करने के लिए संपत्ति पंजीकरण हेतु जल्द ही सुरक्षा-युक्त कागज का प्रयोग शुरू किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आगामी दिनों में एक स्वचालित उत्परिवर्तन सुविधा शुरू की जाएगी, जो पंजीकरण के तुरंत बाद राजस्व अभिलेखों को स्वचालित रूप से अद्यतन कर देगी, जिससे देरी में काफी कमी आएगी।


**उद्यान विभाग, हरियाणा**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105**
**ई-मेल: coemunimpur@gmail.com**

**केन्द्र पर Sign boards, Display boards, logos, flags etc. खरीदने हेतू मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर विभिन्न प्रकार के Sign boards, Display boards, logos, flags etc. की आवश्यकता है। जिसका विवरण निम्नलिखित है:-

| Sr. No. | Particulras | Material | Size | Qty | Rates |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | For renovating Main Entrance sign-board | Retro print self adhesive stickers | 4'x4'<br>2'x1.5 | 4<br>2 | |
| 2 | Sign-board along road-side | Retro print self adhesive | 4'x3' | 1 | |
| 3 | Sign-board for Sales Counter | Radium Print on ACP sheet with green background & white letters (to be fixes on wall using fastner with proper cap) | 4'x2' | 1 | |
| 4 | Sign-board for Desalination Unit | Radium Print on ACP sheet with green background & white letters (to be fixes on wall using fastner with proper cap) | 33"x12" | 1 | |
| 5 | Sign-board for gravity based micro irrigation system | Radium Print on ACP sheet with green background & white letters (to be fixes on wall using fastner with proper cap) | 3'x1.5' | 1 | |
| 6 | Replacing sign board of centre's name on administrative block | Flex Board (Star Black) | 20 x2.5"<br>80"x24" | 1<br>1 | |
| 7 | Centre's Name in Conference Room | Vinyl Print on Acrylic sheet (to be fixes on wall using fastner name board inwith proper cap) | | | |
| 8 | Constitution Board | Eco solvent print with lamination on sunboard (to be hanged in the office of PO-cum-SMS at CoE) | 2'x1.5" | 1 | |
| 9 | Inaugaurale board | Steel Plate (to be fixes on wall using fastner with proper cap) | 3'x2' | 1 | |
| 10 | Standy | Foldable | 2.5 x6 | 5 | |
| 11 | Notice Board | Pin-up notice board with 50 pins | 4'x3' | 1 | |
| 12 | Flag of Israel, Logos of Mission Horticulture MASHAV | Vinyl Print on Acrylic sheet (to be fixes on & wall using fastner with proper cap) | 18"x12" | 3 | |
| 13 | Indian Flag | steel pole with Flag cloth of Nylon or Polyester material | Flag Cloth-3'x2' Steel Pole 2" diameter with 15' height | 1 | |
| 14 | Israel flag | steel pole with Flag cloth of Nylon or Polyester material | Flag Cloth-3'x2' Steel Pole 2" diameter with 15' height | 1 | |
| 15 | Display board | White colour ACP sheet Square Black Pipe To be grounded in soil to hold display board (Pasted with display with double sided tape) | 12" x 6"<br>1" | 50<br>150 feet | |
| 16 | Display board | 1. Iron frame should be of heavy duty square pipe with two pipes at the base for support. 2. White letters should be printed on green background of star flex. Star flex should be fixed on iron frame using rivet bolts. | LxBxH 3'x2'x'7 (with 5' height above the ground) | 15 | |

इच्छुक फर्म, उत्पादक, डीलर अपने रेट (सभी कर एवं ट्रांसपोर्ट सहित) दिनांक 26.12.2025 सांय 5 बजे तक अपनी कुटेशन कार्यालय की ई-मेल coemunimpur@gmail.com या दस्ती तौर पर पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) - 124105 पर भेजना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए बोलीदाता डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विषेशज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकता है। केन्द्र की आंकलन कमेटी के द्वारा आंकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा।

हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1006/2026/41270/88/6 दि. 17.12.25


### कांग्रेस ने भाजपा मुख्यालय पर किया प्रदर्शन




**पंचकूला।** नेशनल हेराल्ड से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली की अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। फैसले को कांग्रेस ने बड़ी जीत करार देते हुए इसे सत्य की विजय बताया है। पार्टी नेताओं ने इसे भाजपा की राजनीतिक बदनीयत का पर्दाफाश करार दिया और केंद्र सरकार पर एजेंसियों के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया। इसी प्रकरण के चलते हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस के विधायकों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पंचकूला भाजपा मुख्यालय का घेराव किया, और प्रदर्शन कर जमकर भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की एवं प्रदर्शन किया।

## रेल कॉरिडोरों का निर्माण अंतिम चरण में : रस्तोगी

**चंडीगढ़।** मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जो कि हरियाणा रेल अवसंरचना विकास निगम (एचआरआईडीसी) के अध्यक्ष भी हैं, ने बताया कि राज्य की कई प्रमुख रेल अवसंरचना परियोजनाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। रस्तोगी एचआरआईडीसी के निदेशक मंडल की 33वीं बैठक के दौरान विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि कुरुक्षेत्र एलिवेटेड ट्रैक परियोजना निष्पादन के उन्नत चरण में पहुंच गई है। वायाडक्ट से संबंधित सभी सिविल, ट्रैक, सिग्नलिंग एवं टेलीकम्युनिकेशन तथा ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन कार्य पूरे कर लिए गए हैं। एलिवेटेड प्लेटफॉर्म का निर्माण भी अंतिम चरण में है। पूर्ण किए गए कार्यों का शीघ्र ही उत्तरी रेलवे द्वारा तकनीकी निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया जाएगा।

## ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन में 760 स्थानों पर दबिश, लाखों की नकदी पकड़ी

**चंडीगढ़।** अपराध, नशा तस्करी और संगठित गिरोहों के खिलाफ हरियाणा पुलिस ने 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन' के तहत राज्यव्यापी स्तर पर ऐतिहासिक कार्रवाई को अंजाम दिया। खुफिया सूचनाओं के आधार पर पुलिस की विभिन्न टीमों ने एक साथ 760 चिन्हित हॉटस्पॉट्स पर दबिश दी, जहां जुआ, अवैध शराब और नशे का कारोबार सक्रिय था। नकद बरामदगी के लिहाज से यह एक दिन में किया गया अब तक का सबसे बड़ा अभियान माना जा रहा है।इस सघन कार्रवाई में पुलिस ने 42 नए आपराधिक मामले दर्ज किए, जिनमें 6 मामले अवैध हथियारों से संबंधित हैं। अभियान के दौरान कुल 114 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 36 फरार और हिंसक अपराधी भी शामिल हैं। ऑपरेशन में गुरुग्राम पुलिस को सबसे बड़ी सफलता मिली, जहां से 49.50 लाख नकद बरामद किए गए। वहीं, पूरे प्रदेश में कुल 49.65 लाख की नकदी जब्त की गई। यह कार्रवाई अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ-साथ उनके आर्थिक नेटवर्क पर करारी चोट का स्पष्ट संदेश देती है। पुलिस दिनरात काम में जुटी है।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/BSO/733+734

हमकि बिजेन्द्र सिहं – सुरेन्द्र सिहं पुत्रान दलेल पुत्र रिशाल सिहं, निवासीगण मकान न० 145, डाकखाना उजवा, मुण्ढेला खुर्द, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110073 एवं बिस्वेदारान गांव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार अराजी खेवट न० 290 मिन/208/4, खाता न० 298 मिन, मु० न० 35, किला न० 18/2/1(1–0), 19/1/1(2–6) किते 2, तादादी रकबा 3 कनाल 6 मरले का 210/2171 भाग, बकदर 0 कनाल 6.38 मरले (जिसमें बिजेन्द्र सिहं – सुरेन्द्र सिहं हर दो समभाग) व खेवट न० 291/208/5, खाता न० 299, मु० न० 54, किला न० 2/3/2(0–2), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 2 मरले का 3/19 भाग, बकदर 0 कनाल 0.31 मरला (जिसमें बिजेन्द्र सिहं – सुरेन्द्र सिहं हर दो समभाग), उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 0 कनाल 6.69 मरले (0.0418125 एकड़) वाका रकबा मौजा दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को भूमि मु० न० 35, किला न० 18/2/1 मिन (0–1.93), 19/1/1 मिन (0–4.45) मु० न० 54, किला न० 2/3/2 मिन (0–0.31), किते 3, तादादी रकबा 0 कनाल 6.69 मरले (0.0418125 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/BSO/735

हमकि (1) नरेश कुमार पुत्र रघबीर सिहं पुत्र चन्दर सिहं व (2) मनीष पुत्र नरेश कुमार पुत्र रघबीर सिहं उर्फ रघूबीर सिहं, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार अराजी खेवट न० 14/14, खाता न० 15, मु० न० 47, किला न० 6/1(3–8), किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 8 मरले का 1/3 भाग, बकदर 1 कनाल 2.66 मरले व खेवट न० 98/79/2, खाता न० 102, मु० न० 54, किला न० 11(7–9), मु० न० 55, किला न० 15(7–18), किते 2, तादादी रकबा 15 कनाल 7 मरले का 14/139 भाग, बकदर 1 कनाल 10.92 मरले व खेवट न० 461/339, खाता न० 474, मु० न० 48, किला न० 10/1(5–12), किता 1, तादादी रकबा 5 कनाल 12 मरले का 2/9 भाग, बकदर 1 कनाल 4.88 मरले, उपरोक्त खेवटों से तादादी रकबा 3 कनाल 18.46 मरले (जिसमें मनीष मालिक व काबिज है), व खेवट न० 147/111, खाता न० 151, मु० न० 41, किला न० 21/1(7–8), मु० न० 48, किला न० 10/2(2–8), 11(7–12), 12(8–0), किते 4, तादादी रकबा 25 कनाल 8 मरले का 1/12 भाग, बकदर 2 कनाल 2.33 मरले (जिसमें नरेश कुमार मालिक व काबिज है) उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 6 कनाल 0.79 मरला (0.7549375 एकड़) वाका रकबा मौजा दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को भूमि मु० न० 41, किला न० 21/1 मिन दक्षिण (0–15.79), मु० न० 47, किला न० 6/1(3–8), मु० न० 48, किला न० 10/2 मिन उत्तर (1–17), किते 3, तादादी रकबा 6 कनाल 0.79 मरला (0.7549375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 17.12.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म० नं०–285, सैक्टर–14,
गुरुग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


### हाईकोर्ट ने वकील के कथित उत्पीड़न मामले में लिया स्वतः संज्ञान

**चंडीगढ़।** हाईकोर्ट ने एक वकील के साथ कथित उत्पीड़न और मारपीट के गंभीर आरोपों को लेकर स्वत संज्ञान लेते हुए सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने न केवल मामले में एफआईआर दर्ज होने की स्थिति की समीक्षा की, बल्कि समय पर प्राथमिकी दर्ज न करने को लेकर संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई के संकेत भी दिए हैं। यह मामला 30 नवंबर 2025 की उस घटना से जुड़ा है, जिसमें वकील अमित ने हिसार की सीआईए-1 यूनिट के कुछ पुलिस अधिकारियों पर आपराधिक कृत्य करने के आरोप लगाए थे। मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायमूर्ति संजीव बेरी की खंडपीठ ने बुधवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए बताया कि बार एसोसिएशन, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट, चंडीगढ़ द्वारा 16 दिसंबर 2025 को दिए गए प्रतिनिधित्व के आधार पर अदालत ने इस प्रकरण में स्वत संज्ञान लिया।

### कराटे खिलाड़ी अनमोल सिंह की याचिका पर हाईकोर्ट सख्त

■ सरकार से जवाब तलब

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर चुके कराटे खिलाड़ी अनमोल सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए हरियाणा सरकार को नोटिस जारी किया है। अदालत ने प्रथम दृष्टया माना है कि याचिका में ऐसे गंभीर और विचारणीय प्रश्न उठाए गए हैं, जिन पर न्यायिक परीक्षण आवश्यक है। यह मामला हरियाणा आउटस्टैंडिंग स्पोर्ट्सपर्सन्स (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2018 के तहत नौकरी से वंचित किए जाने से जुड़ा है । जस्टिस संदीप मौदगिल की एकल पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता अनमोल सिंह ने बताया कि वह कराटे विधा के अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी हैं और वर्ष 2015 में आयोजित 8वीं कॉमनवेल्थ कराटे चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस प्रतियोगिता में उन्होंने टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक और व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक हासिल किया था। याचिका में यह भी रेखांकित किया गया कि इन उपलब्धियों को स्वयं हरियाणा सरकार ने मान्यता दी थी और इसके तहत नकद पुरस्कार व प्रमाणपत्र दिया था।


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | हरियाणा मंत्री मकान नं. 239, सेक्टर-16, चण्डीगढ़ के लैंडस्केपिंग कार्य की विशेष मरम्मत और एक अन्य। | 19.12.2025<br>29.12.2025 | 11.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170<br>hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 2 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले में गांव खैरा में राजीव गांधी खेल परिसर की मरम्मत और रखरखाव। | 16.12.2025<br>23.12.2025 | 9.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271<br>pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले में गांव बिर कलवा में राजीव गांधी खेल परिसर की मरम्मत और रखरखाव। | 16.12.2025<br>23.12.2025 | 12.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271<br>pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | भिवानी में पण्डित नेकीराम शर्मा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण, मौजूदा चौ. बंसीलाल राजकीय हस्पताल भिवानी की मरम्मत (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल)। | 15.12.2025<br>22.12.2025 | 88.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651<br>pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में (हांसी निर्वाचन क्षेत्र) हांसी में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण (जीएसटी के बिना)। | 16.12.2025<br>25.12.2025 | 405.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688<br>pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 206 तक मदें निहित सूची अर्थात लिक्विड नाइट्रोजन गैस सिलेंडर (206 मदों का सिंगल लॉट)* | 18.12.2025<br>14.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in<br>dsndharyana.gov.in | 0172-2570122<br>Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 106 तक मदें निहित सूची (106 मदों का सिंगल लॉट)* | 18.12.2025<br>14.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in<br>dsndharyana.gov.in | 0172-2570122<br>Supplies@hry.nic.in |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 02 तक मदें निहित सूची अर्थात जनरेटर सैट्स (02 मदों का सिंगल लॉट)* | 18.12.2025<br>14.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in<br>dsndharyana.gov.in | 0172-2570122<br>Supplies@hry.nic.in |
| 9 | नागरिक उड्डयन, हरियाणा चण्डीगढ़ | महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा, हिसार, हरियाणा (हिसार एयरपोर्ट) में निर्मित स्पेस (हैंगर्स और कार्यालय) के आवंटन हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह। | 17.12.2025<br>10.01.2026 | ईएमडी 25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386<br>cavation@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | नायसी, राजकीय विद्यालय की तरफ गुरूद्वारा चौक से गली का निर्माण। | 16.12.2025<br>29.12.2025 | 4.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357<br>prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 11 | सिविल सर्जन नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिले में टीबी रोगियों के लिए न्यूट्रीशन सपोर्ट की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 16.12.2025<br>26.12.2025 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9466991604<br>dpm.mhn@gmail.com |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गुरुग्राम | गांव दौलताबाद पटौदी में कैप्टन परमजीत अमृत सरोवर का पुनरोद्धार और सौन्दर्यीकरण। | 16.12.2025<br>23.12.2025 | 29.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7011956200<br>ascogurugram@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | रबी 2025-26 से पूर्व आरडी 0 से 55822 रोहणा माइनर, आरडी 0 से 9207 ककरोई डिस्टी. की आंतरिक सफाई और खरपतवार निकालना + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि<br>22.12.2025 | 16.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8571804626<br>xenrws@rediffmail.com |
| 14 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), एफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 19.12.2025<br>02.01.2026 | ईएमडी 1.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665<br>director.kcghc-hry@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/280/41275/I/88/6 दि. 17.12.25




## खबर संक्षेप



### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले सांसद दीपेंद्र हुड्डा

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा फर्रूखनगर-झज्जर चरखी दादरी लोहारु रेल लाइन जल्द बिछाने समेत रोहतक और हरियाणा से विभिन्न क्षेत्रों के रेल यात्रियों की मांगों को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले और उन्हें मांग पत्र सौंपा। इनमें प्रमुख रूप से फर्रूखनगर-झज्जर-चरखी दादरी-लोहारु रेल लाइन को जल्द बनवाएं और झज्जर रेलवे स्टेशन को आधुनिक बनाने, रोहतक - दिल्ली के बीच पहले 13 लोकल पैसेंजर ट्रेन चलती थी, जिनमें से 5 बंद हो गई हैं, उन्हें दोबारा शुरू करने, रोहतक-रेवाड़ी, रोहतक-भिवानी, रोहतक-पानीपत रूटों पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने, वाया सोनीपत एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव के मिले।

### 11 माह में 7513 चालान 1907 डीएल सस्पेंड

**फरीदाबाद।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने, यातायात नियमों की पालना एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फरीदाबाद यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। वर्ष 2025 के 11 माह में यातायात पुलिस द्वारा इस अपराध के अंतर्गत 7513 चालान किये गये हैं। शराब पीकर वाहन चलाने के मामलों में जनवरी माह में 847, फरवरी में 330, मार्च में 608, अप्रैल में 388, मई में 593, जून में 751, जुलाई में 657, अगस्त में 1461, सितंबर में 972, अक्टूबर में 352 तथा नवंबर माह में 554 चालान किये गये हैं। दिसंबर माह में पिछले 15 दिनों में 420 चालान किये गये हैं।

### लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी, 3 गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्रैडिट कार्ड लिमिट बढाने के नाम पर ठगी करने के एक मामले में 16 दिसंबर को साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने 3 आरोपियों को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। बस्सापाडा ओल्ड फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास क्रैडिट कार्ड लिमिट बढाने के लिये ठगों का विडियों कॉल आया। ठगों ने उसे गुगल पर एक लिंक खोलने और उस पर अपने कार्ड की जानकारी भरने के लिये कहा गया। जानकारी भरने के बाद उसके फोन पर एक ओटीपी आया और पैसे निकल गए।

### अपनी ही बनाई कहानी में फंसी, बॉयफ्रेंड के दोस्त संग रची थी ब्लैकमेलिंग की साजिश

# पैसों की खातिर बॉयफ्रेंड को झूठे रेप केस में फंसाने वाली युवती गिरफ्तार

*दोस्त ने ही अपनी दुश्मनी का बदला लेने के लिए युवती का इस्तेमाल किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

हरियाणा के गुरुग्राम में रेप की एफआईआर करवाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने एक युवती को अरेस्ट किया है। इस युवती ने अपने बॉयफ्रेंड के खिलाफ ही रेप का केस दर्ज करवाकर जेल भिजवाया था। जब उसे पैसे की जरूरत पड़ी तो उसने बॉयफ्रेंड के दोस्त की मदद ली। उस दोस्त ने ही अपने दुश्मन से बदला लेने के लिए युवती का इस्तेमाल किया। उसने युवती के जरिए अपने दुश्मन के खिलाफ रेप केस दर्ज करवाया। इससे पहले कि ये लोग आरोपी से पैसे की डिमांड करते, उससे पहले पुलिस ने केस की जांच करते हुए इसे झूठा बता दिया और उल्टा युवती को ही गिरफ्तार कर लिया। जबकि, युवती के बॉयफ्रेंड का दोस्त फरार है। युवती मूल रूप से राजस्थान की रहने वाली है। फिलहाल, कापसहेड़ा में किराये के मकान में रह रही थी। वह एक एयरलाइंस में ग्राउंड स्टाफ के रूप में काम करती थी, लेकिन 6 महीने से बेरोजगार थी।




**गुरुग्राम।** रेप का फर्जी केस करवाने वाली एयरलाइंस में ग्राउंड स्टाफ पुलिस की गिरफ्त में।

#### युवती ने रची झूठी कहानी

युवती ने 11 दिसंबर 2025 को डीएलएफ फेज-2 थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसने ऑनलाइन जॉब पोर्टल पर प्रोफाइल बनाई। इसके बाद एक मोबाइल नंबर से संपर्क हुआ। 15 नवंबर 2025 को दोपहर 2 बजे नौकरी इंटरव्यू के बहाने रोड मेट्रो एमजी स्टेशन पर उसे बुलाया गया। युवती ने बताया- एक युवक ने ऑफिस की गाड़ी बताकर मुझे कार में बैठाया। इस कार को अजय नाम का व्यक्ति चला रहा था। वह मुझे पहले एमजीएफ मेट्रोपोलिटन मॉल ले गए। फिर वापस छोड़ते समय गाड़ी में मेरे साथ रेप किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।

#### तकनीकी जांच में फंसी युवती

पुलिस ने शिकायत की जांच शुरू की तो घटनास्थल एमजी रोड मेट्रो, एमजीएफ मॉल, कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स, तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया। जांच में कोई सबूत नहीं मिला। न तो गाड़ी और न आरोपी युवक की मौजूदगी वहां मिली। शिकायत में बताई कहानी की पुष्टि नहीं हुई। उपलब्ध सबूतों से साजिश साफ हो गई कि यह झूठी कहानी पैसे ऐंठने और दबाव बनाने के लिए रची गई थी। जब युवती से पूछताछ की गई तो उसने बिट्टू से मिलकर योजना बनाने की बात कबूल कर ली। इससे वह खुद फंस गई।

### अलग-अलग कैबिन बना रखे थे

## अनैतिक गतिविधियों की सूचना पर छापेमारी, 3 लड़कियां पकड़ी



**कैथल।** होटल से युवतियों को अपने साथ ले जाती पुलिस कर्मचारी फोटो : हरिभूमि

**कैथल।** अनैतिक गतिविधियों की सूचना पर पुलिस द्वारा ढांड रोड स्थित एक कैफे पर रेड की। रेड के दौरान कैफे से आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई। पुलिस द्वारा मौके से 3 युवतियों को काबू किया। इनमें 1 युवती कैथल की रहने वाली है और दो अन्य को दिल्ली से बुलाया था। पुलिस अनुसार कैफे में अनैतिक गतिविधियों की शिकायत मिल रही थी। इसकी पुष्टि के लिए पुलिस ने पहले एक कर्मी को बोगस ग्राहक बनाकर भेजा। सूचना पुख्ता होने के बाद टीम ने कैफे पर दबिश दी। तलाशी दौरान आपत्तिजनक सामग्री बरामद होने पर पुलिस ने सभी युवतियों को पकड़ लिया। हालांकि वहां पर कोई लड़की संदिग्ध हालात में नहीं मिली और न ही होटल में उनके साथ कोई लड़का पाया, लेकिन पुलिस उनको पूछताछ के लिए महिला थाने में ले गई। पुलिस की रेड के दौरान होटल के ऊपर नाम का कोई बोर्ड भी नहीं लगा था, उसमें छोटे-छोटे कैबिन बने है। इसके चलते पुलिस को यहां पर देह व्यापार करवाने का शक है। रेड से पहले पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ढांड रोड स्थित एक कैफे में बाहर से महिलाओं व लड़कियों को बुलाकर अनैतिक कार्य करवाया जाता है। सूचना पर पुलिस ने एक टीम का गठन किया। इसके पुलिसकर्मी ने एक बोगस ग्राहक बनाकर कैफे में भेजा।

### पीसीसी चीफ राव नरेंद्र सिंह ने कहा

## कांग्रेस में अब मैं नहीं, हम चलेगा, प्रदेश अध्यक्ष सभी को एक मंच पर लाने में जुटे

*राहुल गांधी खुद कांग्रेस पार्टी में जिला अध्यक्षों को मजबूत करने के पक्ष में*

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह का कहना है कि प्रदेश के अंदर राहुल गांधी चाहते हैं कि जिला अध्यक्ष मजबूती के साथ में काम करें और आत्मनिर्भर रहें पार्टी में गुटबाजी नहीं बल्कि सौ फीसदी अनुशासन हो। कांग्रेस में अब मैं नहीं हम चलेगा राव नरेंद्र का कहना है कि वे सभी जिलों में एक ही संदेश देना चाहते हैं पार्टी के लिए काम करें।

प्रदेश कांग्रेस की कमान संभालने के बाद में सभी को एक मंच पर लाने में जुटे पीसीसी चीफ राव नरेंद्र सिंह का कहना है कि दिल्ली की महारैली की सफलता के बाद में भाजपा के नेताओं की नींद हराम हो गई है। पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र का कहना है कि कांग्रेस पार्टी एक बड़ा परिवार और यहां पर लोकतंत्र जिंदा है, इसलिए सभी नेता अपनी बात रखते हैं।

पार्टी की ने मुझे जिम्मेदारी देने का काम किया, पार्टी का कार्यकर्ता होने के नाते मुझे दायित्व दिया है। पार्टी हाईकमान ने बहुत ही सोच समझकर मुझे जिम्मेदारी दी है, शायद कोई सर्वे रिपोर्ट होगी या फिर हाईकमान ने मुझे इस लायक समझा होगा। तीन बार विधायक और मंत्री रह चुका हूं।

#### उत्तराखंड में जाकर काम किया

संगठन सृजन अभियान की मुहिम को लेकर उत्तराखंड में गया था, जहां से लौटने के बाद में राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिल्कार्जुन खड़गे और राहुल जी ने मुझ से बातचीत की उसके बाद में उन्होंने फैसला लिया होगा। राव नरेंद्र का कहना है जिम्मेदारी मिलने के बाद से मुझे सभी साथियों का साथ मिल रहा है। पार्टी में मैं नहीं बल्कि हम के सिद्धांत पर चलना होगा। प्रदेशाध्यक्ष का कहना है कि जिलाध्यक्षों को लेकर किसी भी तरह का कोई विवाद नहीं है। हिसार के घटनाक्रम को लेकर भी उन्होंने कहा कि कोई बडी बात नहीं थी, हमने सभी साथियों से बातचीत की थी। उन्होंने आगे कहा कि हमे सभी को साथ लेकर चलना है, सभी को पार्टी से बाहर करने या पार्टी को कमजोर करना नहीं हैं।

### जींद: 50 लाख की रंगदारी मांगने का मुख्य आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

## मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए बदमाश की बाइक चलाने वाला भी धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना सीआईए टीम द्वारा मंगलवार रात को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए बदमाश अनूप बेलरखां की बाइक चलाने वाला दूसरे बदमाश को काबू किया है। काबू किए गए बदमाश की पहचान कैथल जिले के गांव सिरटा निवासी गौरव के रूप में हुई है। गौरव पिछले काफी समय से नरवाना की धर्मसिंह कालोनी में ही अपने मामा के घर पर रहा है। दोनों बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने पांच-पांच हजार रुपये का इनाम रखा था। अनूप बेलरखां पर अलग-अलग थानों में सात मामले दर्ज हैं। उसके कब्जे से पुलिस ने दो अवैध पिस्तौल तथा 11 कारतूस बरामद किए हैं।



**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी कुलदीप सिंह। फोटो : हरिभूमि

एसपी कुलदीप सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि अनूप के पास से असलहा भी बरामद हुआ है। इनके जो साथी थे, उन्हें एसएचओ नरवाना की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में दो ही लोग सामने थे। दोनों को राउंडअप कर लिया है। इसमें जो मुख्य आरोपी अनूप जिसने पुलिस टीम पर फायर किया है, उस पर कुल मिला कर सात मामले दर्ज हैं। पहले उस पर पांच मामले दर्ज़ज थे। अब उस पर दो और मामले दर्ज किए हैं। यह किसी गैंग से नही मिले हैं। अबतक की पूछताछ में सामने आ रहा है कि ये लोग डर का माहौल बना कर अपना नाम बदमाशी के मामले में चमकाना चाहते थे और अपनी गैंग बनाना चाहते थे। हिसार, जींद में नेटवर्क फैला रखा है।

#### यह है मामला

रविवार को दिन दहाड़े नरवाना में व्यापारी नरेश जैन की दुकान पर एक युवक ने आकर पहले पर्ची दी और फिर फायर किया। पर्ची में पचास लाख की चौथ राशि मांगी गई थी। चौथ राशि न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। घटना के बाद से व्यापारियों में भय का माहौल था। खुद मंत्री कृष्ण बेदी ने घटनास्थल पर पहुंच कर बदमाशों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को नरवाना सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह को सूचना मिली कि मुख्य आरोपित अनूप बेलरखां दातासिंह वाला बार्डर की तरफ बाइक पर जा रहा है। जिस पर पुलिस ने आरोपित अनूप बेलरखां को चारों तरफ से घेर लिया। अपने आपको चारों तरफ से घिरा देखकर अनूप बेलरखां ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। दोनों तरफ से गोलियां चली। इसमें दो गोली अनूप बेलरखां की दोनों टांगों पर लगी और वह वहीं गिर गया। एक गोली सीआईए प्रभारी सुखदेव को छाती में लगी लेकिन बुलैट प्रूफ जैकेट पहने होने के कारण वह बच गए। पुलिस ने अनूप बेलरखां को गिरफ्तार कर लिया और नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया।

## किसान की जमीन नीलामी का विरोध तहसीलदार को बनाए रखा बंधक

*कोर्ट ने कर्ज की वसूली के लिए लगभग 4 करोड़ मूल्य की जमीन नीलाम करने का आदेश दिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/जाखल।

जिले के जाखल खंड के गांव नडैल में एक किसान की जमीन नीलामी का किसानों ने जमकर विरोध किया। काफी संख्या में गांव नडैल पहुंचे किसानों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नीलामी के लिए पहुंचे नायब तहसीलदार रसविन्द्र सिंह को किसानों ने करीब डेढ़ घंटे तक बंधक बनाए रखा। किसानों के आंदोलन की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और किसानों से बातचीत कर उन्हें शांत करवाया। किसानों के प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान यूनियन (एकता उग्रहा) के जिला सचिव निर्भय रतिया ने बताया कि नडैल गांव के एक किसान ने जाखल मंडी के एक आढ़ती से करीब 7 लाख रुपए का कर्ज लिया था, जो ब्याज सहित अब बढक़र लगभग 27 लाख रुपए हो गया है। कोर्ट ने इस कर्ज की वसूली के लिए किसान की लगभग 4 करोड़ रुपए मूल्य की जमीन नीलाम करने का आदेश दिया है। किसान इस आदेश को अन्यायपूर्ण बताते हुए विरोध कर रहे हैं। किसानों ने सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि वे इस विवाद को पंचायत में बैठकर सुलझाने के लिए तैयार हैं, लेकिन किसी भी तरह की जबरदस्ती या 'धक्केशाही' बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**फतेहाबाद।** नडैल गांव में प्रदर्शन कर रहे किसानों से बातचीत करते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### सोनीपत : गवाही रोकने के लिए रची साजिश

## गवाही देने पहुंचे पूर्व टोल मैनेजर पर जानलेवा हमला, दोनों पैर तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत में कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए हमलावरों ने एक मुख्य गवाह को अपना निशाना बनाया है। ओडिशा से सोनीपत अदालत में गवाही देने के लिए आ रहे भिगान टोल के पूर्व मैनेजर दीदार सिंह पर अज्ञात हमलावरों ने सरिया रॉड और लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस बर्बर हमले में पीड़ित के दोनों पैरों पर गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले के पीछे अंकित रिढाऊ का नाम प्रमुखता से उभर कर सामने आ रहा है जिसके विरुद्ध दीदार सिंह पहले से ही दो गंभीर आपराधिक मामलों में मुख्य गवाह हैं। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की गहराई से जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से पंजाब के जिला होशियारपुर के गांव बुव कालूवहार निवासी दीदार सिंह वर्तमान में अपनी आजीविका के लिए ओडिशा में रह रहे हैं। उन्होंने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वर्ष 2021 में वे सोनीपत से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 44 पर स्थित भिगान टोल प्लाजा पर एक निजी कंपनी के तहत मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। उसी दौरान टोल प्लाजा पर एक हिंसक घटना हुई थी जिसमें अंकित रिढाऊ पर आरोप था कि उसने फायरिंग कर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। दीदार सिंह ने इस संबंध में मुरथल थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। तभी से वे आरोपित की रंजिश का सामना कर रहे हैं।



**सोनीपत।** पीड़ित दीदार सिंह।

#### खंगाले जा रहे सीसीटीवी

पूर्व टोल मैनेजर पर शनि मंदिर के पास हमला किए जाने की शिकायत मिली है। अज्ञात हमलावरों ने हमला किया है। वह अदालत में गवाही देने आ रहे थे। उनके बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

-**इंस्पेक्टर उमेश कुमार**, थाना प्रभारी सिविल लाइन सोनीपत

### पहल | एआई आधारित आंगनबाड़ी तकनीक और सामाजिक कल्याण का अच्छा उदाहरण: एडीसी

*आंगनबाड़ी में वीआर सेट उपलब्ध करवाए गए*

## पांडू पिंडारा में हरियाणा की पहली एआई आधारित आंगनबाड़ी का शुभारंभ

*बच्चों के रिकार्ड, सामान की जानकारी, रिपोर्ट और पढ़ाई व स्वास्थ्य से जुड़ा डाटा अब डिजिटल तरीके से आसानी से संभाला जा सकेगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव पांडू पिंडारा में बुधवार को हरियाणा की पहली एआई आधारित आंगनबाड़ी का शुभारंभ किया। यह आंगनबाड़ी तीन से छह वर्ष तक के बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। यह राज्य में इस तरह का पहला केंद्र है, जहां आधुनिक तकनीक की मदद से बच्चों के सीखने और सेहत पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। एडीसी विवेक आर्य ने आंगवाड़ी का शुभारंभ करते हुए बच्चों व आंगनवाड़ी वर्करों से बातचीत की और आंगनबाड़ी का जायजा भी लिया। एडीसी विवेक आर्य ने बताया कि आंगनबाड़ी में वीआर सेट उपलब्ध करवाए गए हैं। ये सेट बच्चों के संज्ञानात्मक (कॉग्निटिव) विकास में बहुत सहायक होंगे। इन डिवाइस का सही उपयोग बच्चों की सीखने की क्षमता को बढ़ाएगा। इससे आंगनबाड़ी के बच्चों का विकास प्राइवेट स्कूलों के बच्चों से भी बेहतर हो सकता है। उन्होंने कहा कि इन डिवाइस के माध्यम से बच्चों को हर भाषा में सिखाया जा सकता है। खेल-खेल में बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव होगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा एआई तकनीक के माध्यम से बच्चों की उपस्थिति, पढ़ाई की प्रगति और स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी को डिजिटल रूप से दर्ज किया जाएगा। इससे बच्चों की जरूरतों को समय पर समझा जा सकेगा और जरूरी कदम उठाए जा सकेंगे। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा, बीडीपीओ सुरेंद्र खत्री, सीडीपीओ सुमन, पंचायती राज विभाग के एसडीओ भूपेंद्र सिंह, प्लानिंग ऑफिसर मुकेश, मनरेगा पीओ राकेश, सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप व अन्य आंगनबाड़ी वर्कर और छात्र मौजूद रहे।





**जींद।** आंगनबाड़ी का शुभारंभ करते एडीसी विवेक आर्य। आंगनबाड़ी में मौजूद एडीसी विवेक आर्य। फोटो : हरिभूमि

#### आंगनबाड़ी का काम भी आसान होगा

एडीसी ने कहा कि इस नई व्यवस्था से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम भी आसान होगा। बच्चों का रिकार्ड रखना, सामान की जानकारी, रोजाना की रिपोर्ट और बच्चों की पढ़ाई व स्वास्थ्य से जुड़ा डाटा अब डिजिटल तरीके से आसानी से संभाला जा सकेगा। इससे कागजी काम कम होगा और कार्यकर्ता बच्चों पर ज्यादा ध्यान दे सकेंगी। एआई आधारित यह आंगनबाड़ी तकनीक और सामाजिक कल्याण का अच्छा उदाहरण है।

राज्यसभा में मंत्री गडकरी बोले

# एक्सप्रेसवे बनने से दिल्ली से देहरादून की दूरी दो घंटे में तय हो सकेगी, 15 दिन में शुरू होगा, अभी प्रायोगिक ट्रायल, दिल्ली-मेरठ मार्ग पर कम होगा ट्रैफिक

गडकरी ने बताया कि इसके उद्घाटन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी से समय मांगा गया है। यह एक्सप्रेसवे करीब पंद्रह दिनों में चालू हो जाएगा। दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर से इसके प्रायोगिक परिचालन को मंजूरी दे दी गई है




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी से उत्तराखंड की राजधानी की दूरी मात्र दो घंटे में तय की जा सकेगी और इसके उद्घाटन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी से समय मांगा गया है। यह एक्सप्रेसवे करीब पंद्रह दिनों में चालू हो जाएगा।

दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर से इसके प्रायोगिक परिचालन को मंजूरी दे दी गई है। इसके शुरू होने से दिल्ली-मेरठ मार्ग पर परिवहन काफी कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे बनाया है जिसके चलते मेरठ जाने में अब 45 मिनट लगते हैं जबकि पहले साढ़े तीन घंटे का समय लगता था। बता दें, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे एक निर्माणाधीन परियोजना है, जो लगभग 210 किमी लंबी है और दिल्ली से देहरादून की यात्रा को 6-7 घंटे से घटाकर केवल 2.5 घंटे कर देगी। इसका एक हिस्सा (अक्षरधाम से ईपीई जंक्शन तक) परीक्षण के लिए खोला जा चुका है।

■ अक्षरधाम से ईपीई जंक्शन तक परीक्षण के लिए खोला गया

देश में 10 हजार किमी सड़क निर्माण का लक्ष्य

सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर घटकर 4.3 हो गई


राज्यसभा में जानकारी देते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी

## अब तक 3468 किमी सड़कों का निर्माण पूरा

मंत्री गडकरी ने एक अन्य सवाल के उत्तर में कहा कि चालू वित्त वर्ष (अक्टूबर 2025 तक) में 3,468 किमी राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि 2025-26 के लिए 10,000 किमी निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। वित्तवर्ष 2024-25 के दौरान 10,420 किमी के लक्ष्य के मुकाबले 10,660 किमी का निर्माण किया गया था। गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों के विश्लेषण से सुधार के संकेत मिले हैं। उन्होंने कहा कि 2018 में प्रति 10,000 वाहन पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर 5.8 थी जो घटकर 2022 में 4.3 हो गई।

## दो हजार किमी रेल मार्ग पर कवच का काम पूराः वैष्णव

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि दो हजार किमी से अधिक रेल मार्ग पर कवच सुरक्षा प्रणाली लगाने का काम पूरा हो चुका है और देश में यह काम तेजी से चल रहा है। अब तक 7,129 किलोमीटर ओएफसी लाइन पूरी कर ली है, 860 दूरसंचार टॉवर लगाए जा चुके हैं, 767 स्टेशन पर डेटा सेंटर बन चुके हैं और 3,413 पटरियों पर उपकरण लग चुके हैं। 4,154 लोकोमोटिव में इसके उपकरण लग चुके हैं। इसके अलावा 40,000 टेक्नीशियन और ऑपरेटर को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।



155 स्टेशनों का पुनर्निर्माण किया

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुंबई समेत देश के अन्य बड़े शहरों में रेलवे स्टेशनों की क्षमता बढ़ाने का काम बहुत तेजी से चल रहा है। मुंबई के लिए 238 नई रेलगाड़ियों की खरीद की प्रक्रिया जारी है जो 'ऑटो डोर क्लोज' सुविधा वाली होंगी। उन्होंने कहा कि देश में अमृत भारत योजना में जितने भी स्टेशन लिए गए हैं, उन पर काम तेजी से चल रहा है। योजना के तहत देश में अब तक 1,337 स्टेशनों को पुनर्निर्माण के लिए चिह्नित किया गया है और अब तक 155 स्टेशनों पर काम पूरा हो चुका है।

### 6जी तकनीक में हम दुनिया का नेतृत्व करेंगे : सिंधिया

दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 5जी तकनीक देश की ही नहीं, विश्वव्यापी सफलता की कहानी बन गई है। भारत ने 4जी में दुनिया का अनुसरण किया, 5जी में दुनिया के साथ चला और हम 6जी में विश्व का नेतृत्व करेंगे। 2023 में 5जी का क्रियान्वयन शुरू होने से लेकर आज तक करीब 5 लाख बीटीएस (बेस ट्रांसीवर स्टेशनत) लग चुके हैं। देश के 778 जिलों में से 767 जिलों में 5जी की कनेक्टिविटी उपलब्ध है।



परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी वाला विधेयक मंजूर

## उन्हीं सुरक्षा उपायों पर अमल जो नेहरू के समय केः जितेंद्र

लोकसभा ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने के प्रावधान वाले विधेयक को विपक्ष के विरोध के बीच बुधवार को मंजूरी प्रदान की। सरकार ने 'भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025' को ऐतिहासिक करार दिया है तो विपक्ष ने आरोप लगाया कि इसमें आपूर्तिकर्ता के उत्तरदायित्व का प्रावधान नहीं है तथा यह संवेदनशील क्षेत्र में निजी कॉरपोरेट समूहों के लिए रास्ता खोलने वाला है। परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र के लिए 37 हजार करोड़ रुपए से अधिक का बजट है। यदि हमने 2047 तक 100 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा का लक्ष्य रखा है तो पूरा करने में परमाणु क्षेत्र महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उन्हीं सुरक्षा उपायों को जारी रखा गया है जो प्रथम पीएम जवाहर लाल नेहरू के समय अमल में आए थे। निजी क्षेत्र की भागीदारी होगी, लेकिन सुरक्षा का पूरा प्रबंध किया गया है। दुनिया स्वच्छ ऊर्जा की तरफ बढ़ गयी है, बढ़ती ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए यह महत्वपूर्ण है।



### जोखिम पूरी तरह से नजरअंदाजः थरूर

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने विधेयक में विभिन्न खामियों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि इसमें रेडियोधर्मी पदार्थों के विकिरण और परमाणु अपशिष्ट से उत्पन्न होने वाले 'जोखिम को पूरी तरह से नजरअंदाज' किया गया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद गणपत ने सुरक्षा को लेकर सवाल उठाया और भोपाल गैस त्रासदी की याद दिलाई। उन्होंने न्यूक्लियर वेस्ट के निपटान को लेकर चिंता जताई।

नालको NALCO
National Aluminium Company Limited
(A Government of India Enterprise)
नालको भवन, प्लॉट नं.-पी/1, नायापल्ली, भुवनेश्वर-751013, ओडिशा
(CIN : L27203OR1981GOI000920)
एक नवरत्न कम्पनी

**शेयरधारकों को सूचना**

**निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि को इक्विटी शेयरों का हस्तांतरण**

यह सूचना निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (अकाउंटिंग, ऑडिट, ट्रांसफर और रिफंड) नियमों, 2016 ('रि रूल्स'), संशोधित अनुसार के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 (6) के अनुसरण में प्रकाशित की गई है।

नियम, अन्य बातों के साथ-साथ, सभी शेयरों, जिनके सम्बन्ध में लाभांश शेयरधारकों द्वारा निरंतर सात वर्ष तक नकदीकृत अथवा दावाकृत नहीं किए गए हैं, केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) को हस्तांतरण के लिए प्रावधान करते हैं। कम्पनी उन शेयरधारकों को, जिनके शेयर उक्त नियमों के तहत आईईपीएफ को हस्तांतरित किए जाने योग्य हैं, को उनके नवीनतम उपलब्ध पतों पर व्यक्तिशः संचार भेजने की प्रक्रिया में है। कम्पनी ऐसे शेयरधारकों और आईईपीएफ को हस्तांतरण के लिए देय शेयरों के विवरण इसकी वेबसाइट पर www.nalcoindia.com पर अपलोड किए जा चुके हैं। शेयरधारकों से आईईपीएफ को हस्तांतरित किए जाने योग्य शेयरों के विवरण प्रमाणित करने के लिए कम्पनी की वेबसाइट पर इनवेस्टर सर्विसेज पेज देखने का आग्रह किया जाता है।

सभी ऐसे शेयरधारकों को वर्ष 2018-19 से उनके भुगतान नहीं किए गए अंतरिम लाभांश का दावा करने के लिए कम्पनी के रजिस्ट्रार (मै. बिगशेयर सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड) को 25.03.2026 तक आवेदन करने के लिए एतद द्वारा सूचना दी जाती है ताकि शेयरों को आईईपीएफ को हस्तांतरण नहीं किया जाए, कम्पनी आईईपीएफ नियमों की आवश्यकताओं के अनुपालन के मद्देनजर, निम्नानुसार नियमों में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके आगे कोई नोटिस के बिना, निर्धारित तिथि अर्थात 01.04.2026 तक नियमों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप आईईपीएफ अकाउंट को शेयरों और लाभांश राशि का हस्तांतरण कर देगी :-

i) डिमैट मोड में धारित शेयर :- कम्पनी कार्पोरेट कार्यवाही के निष्पादन के लिए डिपॉजिटरीज को सूचित करेगी और शेयरधारक(ों) के डिमैट अकाउंट में रखे हुए शेयरों को डेबिट करेगी और आईईपीएफ प्राधिकरण के पक्ष में ऐसे शेयरों का हस्तांतरण करेगी ;

ii) भौतिक मोड में धारित शेयर :- भौतिक शेयरों को डिमैट रूप में परिवर्तित किया जाएगा और आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करने के बाद आईईपीएफ प्राधिकरण के पक्ष में हस्तांतरित किया जाएगा। मूल शेयर प्रमाण पत्र(ों) जो शेयरधारक (ों) के नाम पंजीकृत हैं, को कैंसल्ड और नॉन-नेगोशिएबल माना जाएगा।

यह भी ध्यान दिया जाए कि आईईपीएफ को हस्तांतरित किए गए शेयरों, समेत ऐसे शेयरों पर अर्जित सभी भाग, यदि कोई हो, नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के पश्चात आईईपीएफ प्राधिकरण से वापस दावा किया जा सकता है।

मामले में किसी स्पष्टीकरण हेतु, कृपया कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट्स : मै. बिगशेयर सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड, कार्यालय सं. एस6-2, 6वां तल, पिन्नाकल बिजनेस पार्क, आहुरा सेंटर के साथ में, महाकाली गुफाएं रोड अंधेरी (ईस्ट) मुम्बई-400093, ई-मेल : alisterl@bigshareonline.com / vikas@bigshareonline.com, कस्टमर नम्बर : 022-62638200, आरटीए वेबसाइट : https://www.bigshareonline.com.

कृते नेशनल एल्यूमीनियम कम्पनी लिमिटेड
हस्ता/-
(बी.के. साहू)
कम्पनी सचिव

स्थान : भुवनेश्वर
दिनांक : 15.12.2025

सीबीसी 26111/12/0001/2526

खबर संक्षेप

### राहुल का केस रायबरेली से लखनऊ में ट्रांसफर

**लखनऊ।** राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता के मामले में अब लखनऊ की विशेष कोर्ट में सुनवाई होगी। रायबरेली में सुनवाई के मामले में जान से मारने की धमकी मिलने के आरोप लगाकर कर्नाटक के विग्नेश शिशिर ने केस रायबरेली से बाहर ट्रांसफर करने का लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में याचिका दायर की थी।

### भागवत ने उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से मुलाकात की

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को यहां उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति के सचिवालय ने बैठक की एक तस्वीर सोशल मीडिया पोस्ट में साझा की। तमिलनाडु के रहने वाले राधाकृष्णन का आरएसएस से जुड़ाव रहा है।

### दिल्ली में जनवरी से शुरू होगी भारत टैक्सी सर्विस

**नई दिल्ली।** सरकार की सहकारी कैब सर्विस भारत टैक्सी की दिल्ली एनसीआर में शुरूआत एक जनवरी 2026 से कर दी जाएगी। इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट को शुरू भी कर दिया गया है। जिसके कुछ समय बाद इस सेवा को पूरे भारत में शुरू किया जाएगा।

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# बंद कीजिए 9 टोल प्लाजा, मौजूदा उपायों को ही प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गहराते संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनएचएआई और एमसीडी को दिल्ली की सीमाओं पर बने नौ टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करने को कहा। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि केवल प्रोटोकॉल तैयार करने के बजाय मौजूदा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है, क्योंकि प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है। सीजेआई ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आइए इस खतरे के व्यावहारिक और कारगर समाधानों के बारे में सोचें। सुनवाई के दौरान दिल्ली के कई टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम के चलते होने वाले प्रदूषण पर सीजेआई सूर्यकांत ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाए। उन्होंने इस पर फैसला लेने के लिए एक हफ्ते की समयसीमा भी तय की। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को यह अनुमति दे दी कि वह ऐसे पुराने वाहनों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई कर सकती है, जो भारत स्टेज-IV (बीएस-IV) उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं करते। यानी डीजल वाहन अगर 10 साल से पुराने हैं या पेट्रोल वाहन 15 साल से पुराने हैं, लेकिन वे बीएस-IV मानकों का पालन करते हैं, तो उन्हें फिलहाल राहत मिलेगी।



*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की ओर से क्यों नहीं कहा जाता है कि जनवरी तक कोई टोल प्लाजा नहीं रहेंगे। सीजेआई सूर्यकांत ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाए। उन्होंने इस पर फैसला लेने के लिए एक हफ्ते की समयसीमा भी तय की*

ये भी बोले

हम दुआ करते हैं छुट्टियां खत्म होने से पहले प्रदूषण कम हो

भारत स्टेज-IV उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं करने पर जुर्माना


बुधवार सुबह धुंध में समाया इंडिया गेट

### निर्माण मजदूरों के पैसे अन्य के खातों में न जाएं

सुनवाई के दौरान मजदूरों के संगठन की ओर से पेश वकील ने भत्ते के भुगतान न होने का मुद्दा उठाया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों की जांच करने और उनके खातों में पैसे भेजने का निर्देश दिया।

**अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन**
**विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार**
**(एएनआरएफ आरडीआईएफ/02/2025)**
*के अंतर्गत*
**अनुसंधान विकास और नवाचार कोष (आरडीआईएफ)**
*एक स्वतंत्र व्यावसायिक इकाई*

भारत सरकार ने निजी क्षेत्र संचालित अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ₹1 लाख करोड़ की अनुसंधान विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय का विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) इस योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल विभाग है। आरडीआई योजनाः दो स्तरीय फडिंग संरचना के माध्यम से संचालित होगी। पहले स्तर पर, अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) के भीतर आरडीआई फंड नामक एक विशेष प्रयोजन निधि (एसपीएफ) की स्थापना की गई है. जो 21 लाख करोड़ के कोष का संरक्षक होगा। आरडीआईएफ द्वितीय-स्तरीय फंड प्रबंधकों (एसएलएफएम) को नियुक्त करेगा जो वैकल्पिक निवेश निधि (एआईएफ), विकास वित्त संस्थान (डीएफआई), गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियां (एनबीएफसी), और अन्य हो सकते हैं। एसएलएफएम बदले में लंबी अवधि के कम ब्याज वाले ऋण या इक्विटी के रूप में निजी क्षेत्र को वित्तपोषण प्रदान करेंगे।

आरडीआईएफ, एएनआरएफ के अंतर्गत एक स्वतंत्र व्यावसायिक इकाई होगी। आरडीआईएफ की प्रशासनिक संरचना में एएनआरएफ की कार्यकारी परिषद (ईसी), ईसी की विशेषज्ञ समिति के रूप में कार्यरत एक ईएसी और ईडी आईआरडीआईएफ के नेतृत्व में एक प्रबंधन दल शामिल होगा, जिसका संचालनात्मक स्वरूप एएनआरएफ के मूल कार्यों से अलग होगा। ईडी आरडीआईएफ, आरडीआईएफ के समग्र प्रबंधन के लिए उत्तरदायी होगा। ईसी, आरडीआईएम और प्रबंधन दल के अन्य सदस्यों की नियुक्ति करने वाला प्राधिकारी होगा। ईडी आरडीआईएफ, अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन के ईसी को रिपोर्ट करेगा।

आरडीआईएफ योजना को कार्यान्वित करने के लिए आरडीआईएफ प्रबंधन टीम स्थापित करने हेतु निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता हैः

| | पद के नाम (संविदात्मक पद) | पदों की संख्या | प्रति वर्ष निश्चित वार्षिक पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यकारी निदेशक | 01 | ₹1.20 करोड़ से ₹1.50 करोड़ |
| 2 | निदेशक (निवेश) | 01 | ₹1.0 करोड़ से ₹1.20 करोड़ |
| 3 | निदेशक (साझेदारी और बाजार निर्माण) | 01 | ₹1.0 करोड़ से ₹1.20 करोड़ |
| 4 | निदेशक (वित्त) | 01 | ₹1.0 करोड़ से ₹1.20 करोड़ |
| 5 | प्रधान (साझेदारी और बाजार निर्माण) | 01 | ₹40 लाख -₹48 लाख |
| 6 | वरिष्ठ वित्तीय प्रबंधक | 01 | ₹40 लाख -₹48 लाख |
| 7 | वरिष्ठ विधिक प्रबंधक | 01 | ₹40 लाख -₹48 लाख |
| 8 | वरिष्ठ प्रशासनिक प्रबंधक | 01 | ₹40 लाख -₹48 लाख |
| 9 | प्रधान (निवेश) | 01 | ₹40 लाख -₹45 लाख |
| 10 | एसोसिएट/वरिष्ठ एसोसिएट | | |
| | (i) वरिष्ठ एसोसिएट | 01 | ₹40 लाख -₹48 लाख |
| | (ii) एसोसिएट | 01 | ₹30 लाख -₹36 लाख |
| 11 | विश्लेषक | 01 | ₹10 लाख |

▶ विस्तृत विज्ञापन, जिसमें पात्रता मानदंड, आयु शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, चयन प्रक्रिया, संविदात्मक नियुक्तियों के नियम और शर्तें, आवेदन कैसे करें, आदि जैसे अन्य विवरण शामिल है, हमारी वेबसाइटोंः www.sero.gov.in/www.dst.gov.in/www.rdifund.anrf.gov.in पर उपलब्ध है।

**आवेदन कैसे करें**

पात्र और इच्छुक आवेदक पोर्टल पर, वेब पोर्टल https://recruitment-rdif.anrf.gov.in/ के माध्यम से निम्नलिखित को अपलोड करते हुए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैंः

▶ अद्यतन सीवी (पीडीएफ प्रारूप में)
▶ उद्देश्य का विवरण, जिसमें भूमिका के लिए उनका अनुभव और उपयुक्तता बताई गई हो (पीडीएफ प्रारूप में)।

आवेदन प्राप्त करने की आखिरी तारीख **15 जनवरी, 2026** है।

हस्ता/- संयुक्त सचिव
एएनआरएफ,
भारत सरकार, नई दिल्ली

CBC 36130/11/0005/2526

मनरेगा का नाम बदलने पर सियासी संग्राम, दिल्ली से कर्नाटक तक कांग्रेस का प्रदर्शन

# महात्मा गांधी का नाम हटाना, औपचारिक बदलाव नहीं बल्कि उनकी विचारधारा और विरासत पर सीधा प्रहार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) (जी राम जी) विधेयक करने के फैसले को लेकर राजनीतिक हलकों में विवाद गहरा गया है। नई दिल्ली में बुधवार को ऑल इंडिया अनऑर्गेनाइज्ड वर्कर्स कांग्रेस के बैनर तले आयोजित प्रदर्शन में पार्टी ने नए विधेयक पर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह सिर्फ नाम बदलने का मामला नहीं है, बल्कि मनरेगा को धीरे-धीरे समाप्त करने की साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाना सिर्फ एक औपचारिक बदलाव नहीं, बल्कि गांधी की विचारधारा और विरासत पर सीधा प्रहार है। बता दें, पार्टी की ओर से सभी प्रदेशों में जिला मुख्यालयों, राज्य राजधानियों और ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन, रैलियां कीं।



### राज्यों से सलाह किए बगैर फैसले थोपे जा रहे

कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने मनरेगा बदलाव के खिलाफ बुधवार को बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। बेलगावी स्थित सुवर्ण विधान सौध परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने सीएम सिद्धरमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। इसमें राज्य सरकार के मंत्री, कांग्रेस विधायक और विधान परिषद के सदस्य शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ग्रामीण रोजगार जैसे संवेदनशील मुद्दे पर बिना राज्यों से सलाह लिए फैसले थोप रही है।

ईडी की अपील खारिज होने पर कांग्रेस का आरोप

## नेशनल हेराल्ड राजनीतिक प्रतिशोध और उत्पीड़न की 'मनगढ़ंत' कहानी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला राजनीतिक प्रतिशोध और उत्पीड़न की कहानी है। ये लोग (भाजपा) ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों का उपयोग करके हमारे लोगों को बदनाम कर रहे हैं। खासकर गांधी परिवार को सताने के लिए उन्होंने ये केस डाला है। नहीं तो उसमें कुछ नहीं है। कोई एफआईआर नहीं है। कोई व्यक्ति शिकायत डालता है और ये उस पर कार्रवाई करते हैं। जिस चीज में कोई दम नहीं है, उसमें दम भरने की कोशिश करके हमारे लोगों का उत्पीड़न करते हैं। हमारी कांग्रेस पार्टी के बहुत से नेता, 50 बड़े नेता जो उनसे सहानुभूति नहीं रखते हैं, उनके खिलाफ ईडी का केस डालकर उन्हें सता रहे हैं।


मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष


गुजरात के अहमदाबाद शहर में विरोध प्रदर्शन

उन्होंने धनशोधन का मुकदमा डालकर कई लोगों को अपनी ओर किया है। कई सांसदों को अपनी ओर किया है और कई जगह सरकारें बनाई हैं। उन्होंने कहा कि कानून ने शोर से ज्यादा जोर से बात की है। बता दें, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में धनशोधन के आरोपों से जुड़ी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है।

### मनरेगा का नाम यथावत रखें

कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि कांग्रेस ने केंद्र सरकार से मांग की है कि मनरेगा का नाम यथावत रखा जाए। योजना के अधिकार-आधारित स्वरूप से कोई छेड़छाड़ न की जाए। ग्रामीण रोजगार के लिए बजट और काम के दिनों में कटौती बंद की जाए। यदि सरकार ने इस फैसले पर पुनर्विचार नहीं किया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## चिंतन

# दम घोंटता प्रदूषण सबसे गंभीर चुनौती

सर्दी और कोहरे के बढ़ते ही प्रदूषण ने भी लोगों की सांसों पर संकट खड़ा कर दिया है। यह तिहरी मार लोगों को परेशान कर रही है। यह केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती पेश कर रहा है। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर है। देश की राजधानी गैस चैंबर बनी हुई है। लोगों को कहीं भी राहत नहीं मिल रही। दिल्ली का एक्यूआई बुधवार को 385 दर्ज किया गया। वहीं, एयर क्वालिटी मापने वाली स्विस कंपनी आईक्यूएयर के मुताबिक दिल्ली दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा, पहले स्थान पर पाकिस्तान का लाहौर (425 एक्यूआई) और दूसरे पर बोस्निया का सारायेवो (406 एक्यूआई) रहे। दम घोंटता प्रदूषण आज के समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। यह न केवल हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि हमारे स्वास्थ्य और आर्थिक विकास को भी प्रभावित कर रहा है। हालांकि सरकारों ने प्रदूषण को कम करने के लिए कई कदम उठाए, लेकिन सभी प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। धूल, धुएं और कोहरे से बनी लेयर ने दृश्यता कमजोर कर दी है। इसके कारण सांस की बीमारियां (अस्थमा, ब्रोंकाइटिस), हृदय रोग, और फेफड़ों के कैंसर बढ़ रहे हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों पर सबसे बुरा असर पड़ रहा है। वहीं, लाखों लोग आंखों में जलन और अन्य बीमारियों की शिकायत करते देखे जा रहे हैं। भारत में हर साल लाखों लोगों की जान प्रदूषण के कारण जा रही है। केंद्र और दिल्ली सरकार ने प्रदूषण कम करने के लिए कई कड़े कदम उठाए हैं। इनमें सभी सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों में 50% कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम नियम लागू करना, 16 दिनों तक ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का तीसरा फेज, (ग्रैप-3) लागू रहा। अब ग्रैप-4 लागू किया जा रहा है। इसके तहत दूसरे राज्यों के भारी वाहनों की दिल्ली में एंट्री बंद रहेगी। इसके अलावा पेट्रोल पंपों पर बिना प्रदूषण कंट्रोल सर्टिफिकेट (पीयूसी) वाले वाहनों को फ्यूल नहीं दिया जाएगा। दिल्ली के भीतर निर्माण कार्यों पर रोक रहेगी। निर्माण सामग्री के परिवहन पर भी रोक रहेगी। निर्माण सामग्री का परिवहन करते वाहनों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। कूड़े के ढेर में आग नहीं लगाना, खेल गतिविधियों को बंद करना आदि उपाय शामिल हैं, लेकिन इन सबके बावजूद सार्थक परिणाम सामने नहीं आ रहे हैं। वायु प्रदूषण के बड़े कारणों में वाहनों और उद्योगों से निकलने वाला धुआं, पराली जलाना, औद्योगिक कचरे, सीवेज, प्लास्टिक कचरा, रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक आदि प्रमुख हैं। प्रदूषण रोकने के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी, नियमों को सख्ती से लागू करना होगा। सरकारों, अदालतों को सख्त निर्देश जारी करने होंगे और जनता को जागरूक होना होगा। पराली जलाने, वाहनों के धुएं, औद्योगिक उत्सर्जन जैसे सभी स्रोतों पर तत्काल और साल भर के उपाय करने होंगे, न कि सिर्फ़ सर्दियों में राजनीति करनी होगी, क्योंकि मौजूदा रवैया अक्षम है और केवल आरोप-प्रत्यारोप से बात नहीं बनेगी, बल्कि ठोस नीति ज़रूरी है। सरकार, प्रशासन और जनता की जवाबदेही तय करनी होगी, तभी हम प्रदूषण के खिलाफ सख्त कदम उठा पाएंगे। बता दें कि प्रदूषण एक गंभीर चुनौती है, जिसका समाधान हमें मिलकर निकालना होगा। हमें प्रदूषण के कारणों को समझना होगा और प्रदूषण नियंत्रण के उपायों को अपनाना होगा। हमें अपने पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए भी काम करना होगा, ताकि हम एक बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकें।



सियासत
उमेश चतुर्वेदी

# नितिन नबीन की ताजपोशी के मायने

> राजनीति में युवाओं को शीर्ष पर बैठाने की परंपरा कम ही रही है, लेकिन बीजेपी ने 45 साल के नितिन नबीन को अपना बॉस घोषित कर दिया है। नितिन को फिलहाल पार्टी ने अपना कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है, ऐसा माना जा रहा है कि अगले साल उन्हें पूर्णकालिक अध्यक्ष के तौर पर चुन लिया जाएगा। 1959 में जब दिग्गज नेताओं के रहते हुए कांग्रेस ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी को अध्यक्ष बनाया, तब इंदिरा की उम्र महज 42 साल थी। अध्यक्ष बनने के छह साल बाद ही इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बन गई थीं। सत्ताधारी बीजेपी ने 45 साल के नितिन पर भरोसा जताया है। नितिन आगे और कितनी ऊंचाई पर जाएंगे, यह देखने के लिए इंतजार करना होगा।

नरेंद्र मोदी के दौर की बीजेपी का जब इतिहास लिखा जाएगा, तब उसकी तमाम खूबियों और खामियों के साथ एक तथ्य को शिद्दत से याद किया जाएगा। वह है पार्टी का हर बार चौंकाने वाला फैसला लेना। राजनीति के लिहाज से 45 साल की उम्र युवा मानी जाती है। राजनीति में युवाओं को शीर्ष पर बैठाने की परंपरा कम ही रही है, लेकिन बीजेपी ने 45 साल के नितिन नबीन को अपना बॉस घोषित कर दिया है। नितिन को फिलहाल पार्टी ने अपना कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है, ऐसा माना जा रहा है कि अगले साल जनवरी के आखिर तक उन्हें पूर्णकालिक अध्यक्ष के तौर पर चुन लिया जाएगा। नितिन की ताजपोशी पर चर्चा से पहले बीजेपी से ही जुड़े अतीत के एक किस्से को याद कर लिया जाना चाहिए। मई 1996 में तेरह दिनी वाजपेयी सरकार के विश्वासमत पर चर्चा के दौरान सुषमा स्वराज ने कांग्रेस के तत्कालीन नेतृत्व से पूछा था, कहां है आपकी सेकंड लाइन ऑफ लीडरशिप। हमारी ओर देखिए, वेंकैया हैं, अनंत हैं, प्रमोद हैं। अटल-आडवाणी और जोशी के दौर की बीजेपी में बिना शक ये तीनों ही नाम शीर्ष नेतृत्व में शामिल थे। पार्टी की दूसरी पांत के नेताओं में सुषमा के बताए तीन नामों के साथ ही उनका भी नाम भी शामिल था। बाद के दिनों में अरूण जेटली को भी इसी पंक्ति में शामिल कर लिया गया था। ऐसे में यह सवाल पूछा जा सकता है कि क्या नितिन नबीन का नाम दूसरी पंक्ति के नेताओं में शुमार होता है। निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। भले ही वे पांच बार के विधायक हों, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर उनका नाम इतना चर्चित नहीं रहा है। बीजेपी के मुख्य संगठन में छत्तीसगढ़ के प्रभार की जिम्मेदारी छोड़ दें तो इसके पहले कोई बड़ी भूमिका भी नहीं सौंपी गई थी। भारतीय जनता युवा मोर्चा की बिहार इकाई के वे अध्यक्ष और इसी मोर्चे के राष्ट्रीय महामंत्री जरूर रहे हैं। युवा मोर्चा संभालना और मुख्यधारा के संगठन को संभालना अलग-अलग है। ऐसे में नवीन के सामने बड़े और दिग्गज नेताओं से भरी बीजेपी को संभालना बड़ी चुनौती होगी। वैसे बीजेपी कैडर आधारित पार्टी है, लिहाजा यह भी माना जा सकता है कि उन्हें ज्यादा दिक्कत नहीं होनी है।

बीजेपी के जानकारों का तर्क है कि नितिन नबीन को राष्ट्रीय भूमिका देकर पार्टी ने एक तरह से पीढ़ीगत बदलाव की शुरुआत की है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में बीजेपी में और भी युवा चेहरों को मौका मिलेगा। वैसे देखा जाए तो आजकल बीजेपी में युवाओं और महिलाओं पर जोर है। हालिया बिहार विधानसभा के चुनाव प्रचार में नरेंद्र मोदी एमवाई का नया विश्लेषण युवा और महिला के रूप में कर ही चुके हैं। वैसे भी वे गरीब, किसान, महिला और जवान की जाति का अक्सर जिक्र करते हैं। कह सकते हैं कि नितिन नबीन भाजपा की इसी नई वर्ग व्यवस्था के सशक्त प्रतीक हैं। हाल के दिनों में बीजेपी में पिछड़ा नेतृत्व पर कुछ ज्यादा ही फोकस किया गया। इससे बीजेपी का पारंपरिक सवर्ण वोट बैंक दबे स्वर से नाराजगी भी जाहिर करता रहा है। विराट उभार से पहले बीजेपी को बाभन-बनिया की पार्टी भी कहा जाता था। इसमें कायस्थ और किंचित क्षत्रिय वर्ग भी जुड़ा हुआ था। नितिन नबीन इन्हीं में से एक कायस्थ वर्ग से आते हैं। वैसे बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान पाटलिपुत्र से कायस्थ उम्मीदवार ना देने की वजह से



बीजेपी का कायस्थ वोटर किंचित नाराज भी दिखा था। इस संदर्भ को देखते हुए एक वर्ग कह रहा है कि नितिन को केंद्रीय नेतृत्व सौंपकर बीजेपी ने अपने पारंपरिक सवर्ण मतदाता वर्ग को साधने की कोशिश की है। वैसे कुछ लोगों का यह भी मानना है कि नितिन नबीन की ताजपोशी आगामी पश्चिम बंगाल चुनाव को भी ध्यान में रखकर की गई है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में लंबे समय तक कायस्थ समाज का दबदबा रहा है। राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे ज्योति बसु और पहले मुख्यमंत्री विधानचंद्र रॉय इसी समुदाय से थे। ज्योति बसु जहां 23 साल तक मुख्यमंत्री रहे, वहीं विधानचंद्र रॉय के हाथ 14 साल तक राज्य की कमान रही। नितिन नबीन के जरिए बंगाल के इस वर्ग के वोटरों को भी पार्टी ने बड़ा संदेश दिया है। नितिन नबीन को नेतृत्व सौंपे जाने को लेकर कुछ महीने पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भाजपा को मिले संकेतों का भी जिक्र किया जा रहा है। संघ ने बीजेपी को संकेत दिया था कि पिछड़े-दलित आदि को शासन और प्रशासन से मिले फायदों का जिक्र भले ही करें, लेकिन संगठन के मामलों में जातीय आधार पर फैसले ना लें। संघ का पार्टी को यह भी संकेत था कि वह संगठन की भूमिकाएं तय करते वक्त कार्यकर्ताभाव और उसकी संगठन क्षमता और निष्ठा को देखें। नितिन नबीन की नियुक्ति को इस निकष पर भी कसा जा सकता है। नबीन पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में सक्रिय रहे हैं। संगठन ने जो भी भूमिका सौंपी, उसे संगठन के लिहाज से पूरा करने की कोशिश की है। छत्तीसगढ़ राज्य में बीजेपी की पिछली जीत ने उनके संगठन कौशल की ओर झांकने का मौका दिया। कह सकते हैं कि उनकी नियुक्ति के पीछे ये भी कारण रहे होंगे। हालांकि आलोचक कह सकते हैं कि नितिन की तुलना में संगठन में खुद को खपाने वाले बहुत लोग अब भी सक्रिय हैं। फिर उन्हें क्यों नहीं मौका मिलना चाहिए। यह तर्क वाजिब हो सकता है, लेकिन यह भी सच है कि राजनीतिक फैसले लेते वक्त कई बिंदुओं पर ध्यान दिया जाता है। बीजेपी अक्सर दावा करती है कि वह पढ़े-लिखे लोगों को तवज्जो देती है। बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान कुछ विपक्षी दलों के प्रवक्ताओं की उनकी आक्रामक और बदतमीज व्यवहार के चलते आलोचना की थी। तब उसने अपने पढ़े-लिखे प्रवक्ताओं पर जोर दिया था। इस आधार पर नितिन नबीन को लेकर बीजेपी असहज हो सकती है।

विपक्षी कह सकते हैं कि पार्टी को अपने अध्यक्ष के लिए पढ़ा-लिखा कार्यकर्ता नहीं मिला। दरअसल, नितिन महज बारहवीं पास ही हैं। बीजेपी अक्सर वंशवाद का विरोध करती है। तकरीबन हर मंच पर वह इसके खिलाफ आवाज उठाती है। जब पार्टी के अंदर के वंशवाद पर विपक्षी खेमे से सवाल उठता रहा, तब पार्टी का तर्क होता था कि शीर्ष पर उसके यहां वंशवाद नहीं रहा। नितिन के संदर्भ में वह क्या जवाब देगी, यह देखना महत्वपूर्ण रहेगा, क्योंकि नितिन के पिता नवीन किशोर सिन्हा बिहार बीजेपी के कद्दावर नेता रहे हैं। बिहार में बीजेपी को खड़ा करने वाले नेताओं में नवीन किशोर का योगदान माना जाता रहा है। आखिर में एक और तथ्य की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। 1959 में जब दिग्गज नेताओं के रहते हुए भी कांग्रेस ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी को अध्यक्ष बनाया, तब इंदिरा की उम्र महज 42 साल थी। अध्यक्ष बनने के सिर्फ छह साल बाद ही इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बन गई थीं। ठीक 66 साल बाद आज की सत्ताधारी बीजेपी ने पैंतालिस साल के नितिन नबीन पर भरोसा जताया है। नितिन आगे और कितनी ऊंचाई पर जाएंगे, यह देखने के लिए इंतजार करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
बाल मुकुन्द ओझा



# युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रही शराब


मध निषेध दिवस 18 दिसंबर को मनाया जाता है। आजकल के बदलते लाइफ स्टाइल में हमारे देश में नशा एक ऐसा अभिशाप बन कर उभर रहा है जो हमारे युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। साल-दर-साल इन युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। युवाओं में शराब जैसे खतरनाक नशे के बढ़ते चलन के पीछे बदलती जीवनशैली, अकेलापन, बेरोज़गारी और आपसी कलह जैसे अनेक कारण हो सकते हैं। नशाखोरी इस सदी की सबसे बड़ी समस्या है जिसमें मध यानि शराब का नशा प्रमुख है। आज युवा वर्ग शराब के नशे में खोता जा रहा है। युवाओं में तेजी से बढ़ रही शराब की लत को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ समय-समय सचेत करते रहते हैं। शराब का सेवन शरीर को गंभीर क्षति पहुंचा सकता है। युवाओं के बीच शराब का सेवन एक चलन सा चल पड़ा है। शराब एक नशीला पदार्थ है, जिसको एक प्रकार का अवसाद भी माना जाता है। शराब जैसे तन-मन और परिवार को खोखला करने वाली लत उन्हें बर्बाद कर रही है। शुरू में युवा शौक के तौर पर शराब का सेवन करता है और बाद में नशे की मांग पूरी करने के लिए तस्करी और गैर सामाजिक कार्य के कारोबार में फंस जाता है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देश में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 31.2 फीसदी लोग शराब का सेवन करते हैं। इनमें से 3.8 फीसदी वो लोग भी हैं, जो इसकी लत के बुरी तरह शिकार हैं और आए दिन बड़ी मात्रा में शराब पीते हैं, जबकि 12.3



फीसदी वो हैं जो कभी-कभार काफी ज्यादा शराब पीते हैं। युवा लोगों में शराब पीने की लत तो बढ़ ही रही थी, अब पीकर बेहोश होने का नया चलन शुरू हो गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शराब को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। इस संबंध में संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि शराब की वजह से हर साल करीब 30 लाख लोगों की मौत होती है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में मृत्यु दर में थोड़ी कमी आई है। इस नई रिपोर्ट को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि आंकड़ें भले ही कम हो रहे हों, लेकिन यह अभी भी 'अस्वीकार्य रूप से उच्च' बनी हुई है। शराब और स्वास्थ्य पर पेश इस नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब के सेवन से हर साल दुनिया भर में 20 में से लगभग एक मौत शराब पीने के कारण होती है। शराब पीकर गाड़ी चलाने, शराब के कारण होने वाली हिंसा और दुर्व्यवहार और कई तरह की बीमारियों और विकारों के कारण यह मौत होती है। शराब का नशा कम समय में बहुत अधिक शराब पीने से जुड़ी एक स्थिति है। इसे शराब पायसन भी कहा जाता है। शराब का नशा गंभीर है यह आपके शरीर के तापमान, श्वास, हृदय गति और गैग रिफ्लेक्स को प्रभावित करता है। यह कभी-कभी कोमा या मृत्यु का कारण भी बन सकता है। शराब का नशा कम समय में जल्दी हो सकता है। जब कोई व्यक्ति शराब का सेवन कर रहा होता है, तो अलग-अलग लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ये लक्षण नशे के विभिन्न स्तरों, या चरणों से जुड़े होते हैं। एक सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार भारत में पांच में से एक शख्स शराब पीता है। सर्वे के अनुसार 19 प्रतिशत लोगों को शराब की लत है, जबकि 2.9 करोड़ लोगों की तुलना में 10-75 उम्र के 2.7 प्रतिशत लोगों को हर रोज ज्यादा नहीं तो कम से कम एक पेग जरूर चाहिए होता है और ये शराब के लती होते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार देशभर में 10 से 75 साल की आयु वर्ग के 14.6 प्रतिशत यानी करीब 16 करोड़ लोग शराब पीते हैं। छत्तीसगढ़, त्रिपुरा, पंजाब, अरुणाचल प्रदेश और गोवा में शराब का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। इस सर्वे की चौंकाने वाली बात यह है कि देश में 10 साल के बच्चे भी नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में शामिल हैं। एक अन्य सर्वे के मुताबिक भारत में गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लगभग 37 प्रतिशत लोग नशे का सेवन करते हैं। इनमें ऐसे लोग भी शामिल है जिनके घरों में दो जून की रोटी भी सुलभ नहीं है। जिन परिवारों के पास रोटी-कपड़ा और मकान की सुविधा उपलब्ध नहीं है तथा सुबह-शाम के खाने के लाले पड़े हुए हैं, उनके मुखिया मजदूरी के रूप में जो कमाकर लाते हैं, वे शराब पर फूंक डालते हैं। इन लोगों को अपने परिवार की चिन्ता नहीं है कि उनके पेट खाली हैं और बच्चे भूख से तड़फ रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# चेतना की चौथी अवस्था है शिव तत्व



संकलित
## दर्शन

शिव को अनुभव करने का प्रयास न करें। आपको बस उस पल में मौजूद रहना है और निश्चिंत रहना है, शिव तत्व पहले से ही वहां मौजूद है। हमारी चेतना की 3 अवस्थाएं हैं - जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति, और चेतना की एक चौथी अवस्था भी है, जहां हम न तो जाग्रत होते हैं, न स्वप्न देखते हैं और न ही सोते हैं। इसका अनुभव ध्यान में होता है। उस चौथी अवस्था की झलक को ही शिव तत्व कहा जाता है। उपनिषद कहते हैं शिवम्, शांतम्, अद्वैतम्, चतुर्थम, मन्यन्ते, सा आत्मा, सा विज्ञेय। अर्थात शुभ, शांतिपूर्ण चौथी अवस्था, जहां दो नहीं हैं, वह तुम्हारा स्वरूप है, वही जानने योग्य है। आपको क्या लगता है कि आप क्या हैं? आप केवल एक नाम नहीं हैं, मात्र एक रूप नहीं हैं। आप वह प्रकाशमान चेतना हैं जो शिव तत्व है। शिव का मंदिर पत्थरों से नहीं मनुष्य की चेतना से बना है। वह जो संपूर्ण ब्रह्मांड को समाहित करता है, वह सत्ता जिसमें हर जीवन समाया है, वह रहस्यमय शिव तत्व है। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है। यह ब्रह्मांड संघर्ष या कष्ट नहीं दे रहा है; यह हर क्षण उत्सव मना रहा है। ये आनंद है, जो यह नहीं जानता, वह दुःखी होता है, निराश होता है, पीड़ित होता है। जो यह जानता है कि यह संपूर्ण सृष्टि एक नृत्य है, उसे आनंद मिलता है। यह सत्य शिव तत्व है।

# बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीत सकते है



संकलित
## प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### माइक्रो रोबोट ने लिखी सफलता की गाथा

नमक के एक दाने से भी छोटे माइक्रो रोबोट का विचार आज विज्ञान कथा नहीं रहा, बल्कि आधुनिक प्रयोगशालाओं में आकार ले चुकी एक ठोस वास्तविकता बन चुका है, जहां नैनोमीटर स्तर की इंजीनियरिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऊर्जा-संचयन की नई तकनीकें मिलकर ऐसे यंत्र रच रही हैं जो अपनी सूक्ष्म काया के बावजूद निर्णय लेने, प्रतिक्रिया देने और लक्ष्य के अनुसार काम करने की क्षमता रखते हैं। यह माइक्रो रोबोट न केवल आकार में क्रांतिकारी है बल्कि सोच की दिशा में भी एक नया अध्याय खोलता है क्योंकि इसके भीतर समाहित अल्ट्रा-मिनी कंप्यूटर और संवेदनशील सेंसर इसे आसपास के वातावरण को समझने और उसी के अनुरूप व्यवहार करने में सक्षम बनाते हैं। *-सतीश यादव, धमतरी*

## करंट अफेयर

# सुरक्षा कारणों से ढाका में भारत का वीजा केंद्र बंद


बांग्लादेश की राजधानी ढाका स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) ने मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए बुधवार को अपना कार्यालय बंद कर दिया। ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क (जेएफपी) में स्थित आईवीएसी राजधानी में सभी भारतीय वीजा सेवाओं के लिए मुख्य एवं एकीकृत केंद्र है। आईवीएसी ने एक बयान में कहा, मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए, हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि आईवीएसी जेएफपी ढाका आज अपराह्न दो बजे बंद कर दिया जाएगा। आईवीएसी ने कहा कि बुधवार को आवेदन जमा करने के लिए निर्धारित 'अपॉइंटमेंट स्लॉट' वाले सभी आवेदकों के 'अपॉइंटमेंट' बाद की तारीख के लिए पुनर्निर्धारित किए जाएंगे। इससे पहले दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब किया और कुछ चरमपंथी तत्वों द्वारा ढाका स्थित भारतीय मिशन के आसपास सुरक्षा संकट पैदा करने की साजिश के ऐलान को लेकर अपनी गंभीर चिंता जतायी। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हम अंतरिम सरकार से अपेक्षा करते हैं कि वह बांग्लादेश में स्थित मिशन और कार्यालयों की अपने कूटनीतिक दायित्वों के अनुरूप सुरक्षा सुनिश्चित करे।'




## ऑफ बीट

# बुजुर्गों के लिए मददगार हो सकते हैं वर्चुअल इंसान

सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ जाने के कारण अकेलेपन से जूझ रहे कई बुजुर्गों के लिए वर्चुअल इंसान का साथ मददगार साबित हो सकता है।



अभी तक केवल 'साइंस फिक्शन' (वैज्ञानिक काल्पनिक कहानियों) में नजर आने वाले ये वर्चुअल इंसान चल सकते हैं, बात कर सकते हैं और आपके सोफे पर बैठ सकते हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमारे सबसे अच्छे मित्रों में कम्प्यूटर जनित इंसान भी शामिल होंगे, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ अकेलेपन की समस्या से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। विकसित होती प्रौद्योगिकी के बीच हमारी बदलती जनसांख्यिकी हमें इन वर्चुअल मनुष्यों की ओर ले जा सकती है। एशिया, यूरोप और उत्तर अमेरिका में कई ऐसे विकसित देश हैं, जिनके समाज की औसत आयु तेजी से बढ़ रही है। इसके कारण कुशल कार्यबल में कमी आने और स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं पर अप्रत्याशित दबाव पड़ने की समस्या पैदा हो सकती है, जिनके समाधान की आश्यकता है। बुजुर्ग होती आबादी की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक समस्या सामाजिक स्तर पर अलग-थलग हो जाना है।


## ट्रेंड

### वंदे मातरम् की प्रस्तुति



इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली द्वारा आयोजित भोज में इथियोपियाई गायकों ने वंदे मातरम की मधुर प्रस्तुति दी। यह एक अत्यंत भावपूर्ण क्षण था और वह भी ऐसे समय में जब हम वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भाजपा के संस्कार




अपने सामने ही अपना कोई योग्य प्रतिनिधि उत्तराधिकारी बने और अपने से कम आयु का बने इससे बड़ी कोई खुशी की बात नहीं हो सकती और यही भाजपा के संस्कार है..
-मनोहर लाल, सांसद भाजपा

### दिल्ली मेट्रो म्यूजियम



दिल्ली मेट्रो म्यूजियम सभी के लिए खोल दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर बना यह म्यूजियम दिल्ली मेट्रो की गौरवशाली यात्रा को दर्शाता है। आज इस म्यूजियम का उद्घाटन किया। आप यहां जरूर आएं और दिल्ली के विकास में दिल्ली मेट्रो के योगदान का अनुभव करें।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### साज़िश का पर्दाफाश



नेशनल हेराल्ड अखबार 1938 में शुरू किया गया था। 16 दिसंबर के अदालत के फैसले ने मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर लगाये गए झूठे आरोप, साज़िश और बदले की भावना का पूरी तरह से पर्दाफाश कर दिया है।
-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# वरुण चक्रवर्ती ने टी20 रैंकिंग में हासिल की नई ऊंचाई, बनाया 818 अंकों का रेटिंग पॉइंट

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है और अपने करियर की नई उच्चतम रेटिंग हासिल कर ली है। आईसीसी के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही पांच मैचों की घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में लगातार तीसरी बार दो विकेट लेने के बाद भारतीय गेंदबाज ने 818 अंकों का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया है।



### चक्रवर्ती टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल

दाएं हाथ के लेग स्पिनर ने श्रृंखला के पहले तीन मैचों में छह विकेट लिए हैं, जिनमें धर्मशाला में खेले गए तीसरे भारत-दक्षिण अफ्रीका टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार ओवरों में 2/11 के उनके प्रभावशाली आंकड़े शामिल हैं, जिन्होंने भारत की सात विकेट की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 818 रेटिंग अंकों के साथ, चक्रवर्ती अब दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी (699) से 119 अंकों की बड़ी बढ़त पर हैं। 34 वर्षीय चक्रवर्ती टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में सर्वकालिक शीर्ष 10 में भी शामिल हो गए हैं।



### वनडे में रोहित की बादशाहत कायम

वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग की बात करें तो रोहित शर्मा 781 और विराट कोहली 773 रेटिंग अंकों के साथ पहले और दूसरे नंबर पर काबिज हैं। शुभमन गिल पांचवें नंबर पर हैं। उनके 723 रेटिंग अंक हैं। श्रेयस अय्यर को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वह 10 वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### अर्शदीप चढ़े चार पायदान ऊपर

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के तीसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में चार पायदान ऊपर चढ़कर 16वां स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की रैंकिंग में भी कई सुधार देखने को मिले हैं। मार्को जानसेन 14 पायदान ऊपर चढ़कर 25वें स्थान पर, लुंगी एनगिडी 11 पायदान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर और ओटनेल बार्टमैन शीर्ष 100 से बाहर से छलांग लगाकर 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



### भारत के दो बल्लेबाज शीर्ष पांच में शामिल

आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के दो बल्लेबाज शीर्ष पांच में शामिल हैं। तिलक वर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन शानदार पारियों के बाद दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथा स्थान हासिल कर लिया है। उनके साथी खिलाड़ी अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी आरामदायक बढ़त बनाए हुए हैं, वहीं दक्षिण अफ्रीका के एडन मार्कराम और क्विंटन डी कॉक ने भी उल्लेखनीय प्रगति की है। मार्कराम आठ पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि डी कॉक हाल के कुछ उत्साहजनक प्रदर्शनों के बाद 14 पायदान ऊपर चढ़कर 43वें स्थान पर आ गए हैं। सूर्यकुमार यादव एक स्थान फिसलकर नंबर 10 पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श एक स्थान ऊपर आठवें पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट 2 रैंक ऊपर 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## खबर संक्षेप

HOCKEY INDIA LEAGUE

### सीनियर टीम में जगह बनाने पर जूनियर खिलाड़ियों की निगाह

**नई दिल्ली।** विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ियों की निगाह अब आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में अच्छा प्रदर्शन करके सीनियर टीम में जगह बनाने पर टिकी है। भारत ने हाल ही में समाप्त हुए जूनियर विश्व कप में तीसरे स्थान के मैच में अर्जेंटीना को 4-2 से हराकर कांस्य पदक जीता था। पुरुषों की एचआईएल लीग 3 जनवरी को चेन्नई में जबकि महिलाओं की लीग 28 दिसंबर को रांची में शुरू होगी। जूनियर खिलाड़ी इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि सीनियर टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन एचआईएल के दौरान उनके खेल पर कड़ी नजर रखेंगे।

### टी20 विश्व कप: गैर भारतीय ग्रुप मैच के टिकट 100 रुपये से शुरू

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने बुधवार को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के दौरान ईडन गार्डन्स में होने वाले मुकाबलों के लिए टिकट की कीमतों की घोषणा की जिसमें ग्रुप चरण और नॉकआउट मुकाबलों के लिए कीमत अलग-अलग हैं। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का 10वां सत्र सात फरवरी से शुरू होगा। बांग्लादेश बनाम इटली, इंग्लैंड बनाम इटली और वेस्टइंडीज बनाम इटली के ग्रुप मैच के लिए टिकट की कीमतें इस प्रकार तय की गई हैं: प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी (बी प्रीमियम) 4,000 रुपये। लोअर ब्लॉक बी और एल एक हजार रुपये, लोअर ब्लॉक सी, एफ और के 200 रुपये, लोअर ब्लॉक डी, ई, जी, एच और जे 200 रुपये और अपर ब्लॉक बी1, सी1, डी1, एफ1, जी1, एच1, के1 और एल1 100 रुपये। वेस्टइंडीज बनाम बांग्लादेश और इंग्लैंड बनाम बांग्लादेश ग्रुप मैच के टिकट की कीमतें अधिक रखी गई हैं। प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी (बी प्रीमियम) टिकट की कीमत 5,000 रुपये होगी जबकि लोअर ब्लॉक बी और एल की कीमत 1,500 रुपये है।

### भारत-श्रीलंका के बीच 21 दिसंबर से टी20 सीरीज

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम वनडे विश्व चैंपियन भारत के खिलाफ 21 दिसंबर से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भाग लेने के लिए रवाना हो गई। इस श्रृंखला के पहले दो मैच 21 और 23 दिसंबर को विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे, जबकि बाकी तीन मैच 26, 28 और 30 दिसंबर को तिरुवनंतपुरम में होंगे। चमारी अटापट्टू के नेतृत्व वाली टीम सीनियर और युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है। श्रीलंका ने पिछले लंबे समय से टीम के नियमित सदस्य रहे कुछ खिलाड़ियों को लगातार खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर कर दिया है।

## एशेज : कैरी और ख्वाजा के नाम पर रहा तीसरे टेस्ट मैच का पहला दिन

# एलेक्स कैरी के तूफानी शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत, इंग्लैंड के खिलाफ 326/8 का स्कोर

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी के कॅरियर के तीसरे शतक और स्टीव स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण अंतिम समय में टीम में जगह बनाने वाले उस्मान ख्वाजा की 82 रन की लाजवाब पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुरुआती झटकों से उबरकर आठ विकेट पर 326 रन बनाए। कैरी ने अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए ऐसे समय में क्रीज पर कदम रखा जब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 94 रन था। उन्होंने 143 गेंद का सामना करके 106 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल है। इससे पहले ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती झटकों से उबारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कैरी ने स्टीव स्मिथ को पछाड़ा

कैरी का यह शतक एशेज में 12 साल बाद किसी ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज के बल्ले से आया पहला शतक है। आखिरी शतक ब्रैड हेडिन ने दिसंबर 2013 में जड़ा था। इस शतकीय पारी की बदौलत कैरी अब साल 2025 में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने स्टीव स्मिथ को पछाड़ दिया है। वह इस साल छठे सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उनसे आगे अब सिर्फ शुभमन गिल (983) केएल राहुल (813), रवींद्र जडेजा (764), यशस्वी जायसवाल (745) और जो रूट (732) हैं।



### स्टेडियम में मौजूद रहे 56 हजार से अधिक दर्शक

तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल देखने के लिए 56298 दर्शक स्टेडियम में मौजूद थे जो एडिलेड ओवल में नया रिकॉर्ड है। उन्होंने कैरी का भरपूर समर्थन किया, जिन्होंने एशेज में अपने पहले टेस्ट शतक को अपने दिवंगत पिता को समर्पित किया। कैरी ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, 'यह क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा दिन था। एडिलेड में 56000 दर्शकों की मौजूदगी वास्तव में खास है। अपने घरेलू प्रशंसकों और परिवार के सामने शतक जड़ना बेहद खास पल था।'

### ख्वाजा को स्मिथ के बीमार होने पर मिली टीम में एंट्री

ख्वाजा को स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण बाहर हो जाने से जल्दबाजी में टीम में शामिल किया गया। ख्वाजा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे। जब वह पांच रन पर खेल रहे थे तब उन्हें जीवनदान मिला। उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाकर मार्नस लाबुशेन (19) के साथ 61 रन की और कैरी के साथ 91 रन की दो महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाई। कैरी ने जोश इंग्लिश (32) के साथ 59 रन और इस मैच में वापसी करने वाले कप्तान पैट कमिंस (13) के साथ 50 रन की साझेदारी की। दिन का खेल समाप्त होने के समय मिशेल स्टार्क 33 रन पर खेल रहे थे जबकि नाथन लियोन ने अभी अपना खाता नहीं खोला है।

### आर्चर ने 29 रन देकर लिए तीन विकेट

तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इंग्लैंड के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 29 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। उनके अलावा तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और स्पिनर विल जैक्स ने दो-दो विकेट हासिल किए हैं। कैरी और ख्वाजा ने शानदार बल्लेबाजी की और मैच का पहला दिन काफी हद तक ऑस्ट्रेलिया के नाम सुनिश्चित किया। इन दोनों ने स्लॉग-स्वीप शॉट खेल कर अपना विकेट गंवाया। ख्वाजा ने जैक्स की गेंद पर स्लॉग-स्वीप शॉट खेला जो सीधे आउटफील्ड में जोश टोंग के हाथों में चला गया। कैरी ने भी इसी स्पिनर पर स्लॉग-स्वीप करने के प्रयास में विकेटकीपर जेमी स्मिथ को कैच दिया।

### श्रीचरणी को आंध्र प्रदेश सरकार ने भेंट की 2.5 करोड़ की राशि, महिला विश्व कप में लिए थे 14 विकेट



**अमरावती (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला वनडे विश्व कप जीता था। विश्व विजेता भारतीय महिला टीम की सदस्य श्रीचरणी को बुधवार को आंध्र प्रदेश की सरकार ने सम्मानित किया। आंध्र प्रदेश सरकार के शिक्षा और आईटी मंत्री नारा लोकेश ने श्रीचरणी से उनके उंडावल्ली स्थित घर पर मुलाकात की और उन्हें सरकार की तरफ से 2.5 करोड़ रुपए का चेक सौंपा। कैश इनाम के अलावा, सरकार ने उन्हें विशाखापत्तनम में एक आवासीय प्लॉट भी दिया है। उनकी डिग्री पूरी होने के बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने नौकरी का भी भरोसा दिया है। इससे संबंधित आदेश जारी किए गए हैं। सरकार की तरफ से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह कदम राज्य सरकार के खेल में बेहतरीन प्रदर्शन को बढ़ावा देने और आंध्र प्रदेश की युवा महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ खेलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। कडप्पा जिले की रहने वाली श्रीचरणी ने भारतीय टीम को महिला विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।


**मानसिक विकलांग बच्चों के लिए अर्पण संस्थान, गांधी नगर, रोहतक**

ई-मेल: arpanrohtak@arpanrohtak.org, वेबसाइट: www.arpanrohtak.org

**आवश्यकता**

सेल्फ फाइनेंस स्कीम के तहत नियमित आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए समर्पित पेशेवरों/उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

**# स्पेशल एजुकेशन में एसोसिएट प्रोफेसर : (02) आवश्यक वांछनीय/अतिरिक्त योग्यता और वेतन आरसीआई, नई दिल्ली/एम.डी.यू., रोहतक/सोसाइटी के नियमों के अनुसार होंगे।**

**# असिस्टेंट प्रोफेसर स्पेशल एजुकेशन : (03) आवश्यक वांछनीय/अतिरिक्त योग्यता और वेतन आरसीआई, नई दिल्ली/एम.डी.यू. रोहतक/सोसाइटी के नियमों के अनुसार होंगे।**

1) उपरोक्त पदों के लिए न्यूनतम और अधिकतम आयु सीमा हरियाणा सरकार के नियमों के अनुसार होगी। यद्यपि, ऊपरी आयु सीमा में हरियाणा सरकार के नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी। 2) आवेदन की एक अग्रिम प्रति आवेदक द्वारा सीधे ही डीन ऑफ कॉलेजेज, एम.डी.यू. रोहतक को भेजी जाएगी। 3) उम्मीदवारों को उनके स्वयं के हित में परामर्श दिया जाता है कि आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता की पुष्टि कर लें। 4) आवेदन पत्र कॉलेज की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा किसी भी कार्यदिवस को कॉलेज से प्राप्त किया जा सकता है। पात्र उम्मीदवार आवेदन के साथ-साथ सभी प्रत्यायकों अथवा अनुभव की कॉपी कॉलेज को भेज सकते हैं और इनको विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर डीन कॉलेजेज डेवलपमेंट काउंसिल एम.डी.यू. रोहतक को भी अवश्य भेजा जाना चाहिए। 5) अधूरे आवेदन और निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन एकदम निरस्त कर दिए जाएंगे। 6) आगे किसी जानकारी के लिए आवेदक मोबाइल नंबर 9812813030, 7206030720 पर संपर्क कर सकते हैं।

पीआरडीएच-1029/11/677/2026/41256/88/6 दि. 17.12.25 प्रशासक


### 2025 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने डेम्बेले और बोनमाटी, फीफा ने पुरस्कार से नवाजा



**दोहा (एजेंसी)।** उस्मान डेम्बेले और ऐताना बोनमाटी को फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के पुरस्कारों में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में 2025 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इन दोनों खिलाड़ियों ने इससे पहले बैलोन डीओर का प्रतिष्ठित पुरस्कार भी जीता था। डेम्बेले ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को उसके पहले चैंपियंस लीग खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई। बोनमाटी ने इस वर्ष स्पेन और बार्सिलोना की तरफ से शानदार खेल दिखाया था। फीफा पुरस्कारों के लिए दुनिया भर के राष्ट्रीय टीम के कप्तान, कोच, मीडिया और प्रशंसक मतदान करते हैं। यूरोप के दो कोच को सर्वश्रेष्ठ कोच चुना गया। इनमें महिला वर्ग में सरीना विगमैन शामिल हैं, जिन्होंने इंग्लैंड को लगातार दूसरी बार महिला यूरो खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पुरुष वर्ग में यह पुरस्कार लुई एनरिक को मिला, जिन्होंने पीएसजी को चैंपियंस लीग और फ्रांसीसी लीग का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## घने कोहरे के कारण चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय रद्द

### *बीसीसीआई के कार्यक्रम पर उठे सवाल*

**लखनऊ (भाषा)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच बुधवार को खराब दृश्यता के कारण रद्द कर दिया गया जब घने कोहरे की एक परत ने इकाना स्टेडियम को घेर लिया जिससे सर्दियों के महीनों में उत्तरी भारत में मुकाबले कराने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कार्यक्रम पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पूरी श्रृंखला के लिए नवंबर और दिसंबर के दौरान न्यू चंडीगढ़, धर्मशाला, लखनऊ, रांची, रायपुर, विशाखापत्तनम, कटक, अहमदाबाद, गुवाहाटी और कोलकाता को आयोजन स्थल के तौर पर चुना गया था। यह वह समय होता है जब लखनऊ, न्यू चंडीगढ़ और धर्मशाला जैसे मेजबान शहरों में प्रदूषण का स्तर आमतौर पर सबसे खराब होता है। चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय आधिकारिक तौर पर 'अत्यधिक कोहरे' के कारण बिना एक भी गेंद फेंके रद्द कर दिया गया लेकिन सच्चाई यह थी कि प्रदूषण और कोहरे की एक मोटी चादर ने इकाना स्टेडियम को घेर लिया था जिससे दृश्यता बहुत कम हो गई थी। बुधवार को लखनऊ में वायु गुणवत्ता सूचकांत (एक्यूआई) 400 से ऊपर खतरनाक स्तर में रहा जिससे खिलाड़ियों के कल्याण के प्रति बीसीसीआई की प्रतिबद्धता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को मैच से पहले भारतीय टीम के वार्म-अप के दौरान प्रदूषण से बचने के लिए सर्जिकल मास्क पहने देखा गया।




**हरियाणा लोक सेवा आयोग**

**बेज नंबर 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

**विषय : परीक्षा का कार्यक्रम**

निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन कर चुके / विषय ज्ञान परीक्षा (एसकेटी) के लिए क्वालीफाइड घोषित हुए उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है:-

| क्र. सं. | विज्ञा. सं. | पद और विभाग का नाम | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 22/2024 | पीजीटी - अंग्रेजी | एसकेटी | 01.02.2026 |
| 2. | 49/2024 | असिस्टेंट प्रोफेसर - पर्यावरणीय विज्ञान | स्क्रीनिंग टेस्ट | 15.03.2026 |
| 3. | 75/2024 | सिविल इंजीनियरिंग में लेक्चरर | एसकेटी | 19.01.2026 |
| 4. | 76/2024 | कंप्यूटर इंजीनियरिंग में लेक्चरर | एसकेटी | 19.01.2026 |
| 5. | 77/2024 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में लेक्चरर | एसकेटी | 21.01.2026 |
| 6. | 80/2024 | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में लेक्चरर | एसकेटी | 20.01.2026 (पूर्वाह्न) |
| 7. | 82/2024 | फार्मेसी में लेक्चरर | एसकेटी | 21.01.2026 |
| 8. | 84/2024 | फोरमैन इंस्ट्रक्टर | एसकेटी | 20.01.2026 (अपराह्न) |

दिनांक : 17.12.2025 हस्ता/- उप सचिव

संवाद-1156/13/368/2026/41254/88/6 दि. 17.12.25 हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला


## मिनर्वा एकेडमी ने भारतीय फुटबॉल के जमीनी ढांचे को नई दिशा दी

# मेस्सी ने वर्ल्ड यूथ चैंपियन मिनर्वा एकेडमी एफसी को किया सम्मानित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, जब फुटबॉल के महानायक लियोनेस मेस्सी ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित मिनर्वा एकेडमी फुटबॉल क्लब (एमएएफसी) की वर्ल्ड यूथ चैंपियन टीम को स्वयं सम्मानित किया। यह ऐतिहासिक सम्मान मिनर्वा एकेडमी की अंडर-15 टीम को मिला, जिसने अगस्त 2025 में यूरोप में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए गोथिया कप (स्वीडन), डाना कप (डेनमार्क) और नॉर्वे कप जीतकर ऐतिहासिक यूरोपियन ट्रेबल हासिल किया था। ऐसा कारनामा करने वाली मिनर्वा एकेडमी भारत की पहली और इकलौती टीम बनी। पिछले दस वर्षों में मिनर्वा एकेडमी ने भारतीय फुटबॉल के जमीनी ढांचे को नई दिशा दी है। अंडर-15 टीम की यह उपलब्धि भारतीय फुटबॉल के लिए मील का पत्थर मानी जा रही है।



### भारत में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल होगा : मेस्सी

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने अपने संक्षिप्त दौरे के दौरान शानदार मेहमाननवाजी के लिए आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भारत का फुटबॉल में भविष्य उज्जवल होगा। मेस्सी ने अपने भारत दौरे में चार शहरों का दौरा किया और इस दौरान हजारों प्रशंसक अर्जेंटीना के इस दिग्गज खिलाड़ी की एक झलक पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। जामनगर में अनंत अंबानी की ओर से स्थापित वंतारा वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र का दौरा करने के लिए भारत में अपना प्रवास एक दिन के लिए बढ़ाने के बाद मेस्सी बुधवार को मियामी के लिए रवाना हो गए।

### भारत का दौरा अदभुत

मेस्सी ने कहा, 'दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और कोलकाता का दौरा अद्भुत रहा। पूरे दौरे के दौरान आपने जिस गर्मजोशी से स्वागत, उदार आतिथ्य सत्कार और प्रेम भाव दिखाया उसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। मुझे उम्मीद है कि भारत में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है।' मेस्सी ने ऐसे समय में भारतीय फुटबॉल को शुभकामना दी है जबकि वह अपने बुरे दौर से गुजर रही है। कोई व्यावसायिक साझेदार नहीं मिलने के कारण घरेलू सत्र शुरू नहीं हो पा रहा है जबकि राष्ट्रीय टीम का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा है। विश्व के सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय खिलाड़ियों में से एक मेस्सी ने इस यात्रा के दौरान कोई भी प्रतिस्पर्धी फुटबॉल मैच नहीं खेला। इस दौरे के दौरान उनके साथ उरुग्वे के महान खिलाड़ी और उनके करीबी मित्र लुई सुआरेज और अर्जेंटीना के साथी खिलाड़ी रोड्रिगो डी पॉल भी थे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग**

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-17/2025-26 दिनांक 15/12/2025**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र सं | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रू.) | बोली प्रतिभूति (रू.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-विद्युत-23/2025-26 (ओपन टेंडर) | चंडीगढ़ स्थित गुड्स शेड में औद्योगिक साइडिंग I और II में शेष कार्यों के उन्नयन से संबंधित विद्युत कार्य, बरवाला (बीएक्ससी) में 3 मीटर चौड़े एफओबी का प्रावधान, (संगरूर) एसएजी में ब्लॉक संख्या टी-7/2, लाहरा गागा (एलएचए) में गैंग हट संख्या 15/7 यूनिट टाइप-II और (छजली) सीजेएल में ब्लॉक संख्या टी-7/2 के जर्जर निम्न-स्तरीय क्वार्टरों को एडीईएन/पीटीए अनुभाग में मानक टाइप-II क्वार्टरों से प्रतिस्थापित करना और एसएसई/डब्ल्यू/आरपीएआर अनुभाग में (जीएएनएल-बर्ज) के बीच गैंग संख्या 9 के स्टाफ क्वार्टरों (II टाइप-II क्वार्टर) को प्रतिस्थापित करना, बचे हुए यांत्रिक लिफ्टिंग बैरियर के स्थान पर इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर की व्यवस्था, इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों पर रोड सिग्नल की व्यवस्था, अंबाला डिवीजन के अंतर्गत सुनाम रेलवे स्टेशन पर एफओबी के शेष कार्य की व्यवस्था, केसरी रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 1 और 2 की व्यवस्था पर उच्च स्तरीय, एडीईएन/यूएमबी के अंतर्गत पुरानी रेलवे कॉलोनी में निम्न-स्तरीय स्टाफ क्वार्टरों (एसएसई डब्ल्यू/एम/यूएमबी अनुभाग में टाइप-II: 2 इकाइयों, टाइप-III: 3 इकाइयों और टाइप-IV: I इकाई) के स्थान पर मानक टाइप-II 6 इकाइयाँ, टाइप-III: 4 इकाइयों और टाइप-IV: I इकाई का निर्माण। एडीईएन/यूएमबी के अंतर्गत पुरानी रेल विहार कॉलोनी, अंबाला कैंट में निम्न-स्तरीय स्टाफ क्वार्टरों (टाइप-I, 10 इकाइयों, टाइप-II: 4 इकाइयों और टाइप-III: I इकाई) के स्थान पर मानक टाइप-II, 14 इकाइयों और टाइप-III: I इकाई का निर्माण, खरर रेलवे स्टेशन पर एफओबी (फुट ओवर) और सहारनपुर, बठिंडा और कालका के एआरटी और एसपीएआरएमएआरएमवी के लिए बुनियादी ढांचा सुविधाओं के निर्माण का प्रावधान तथा लेवल क्रॉसिंग पर रबरयुक्त लेवल क्रॉसिंग सड़क सतह का प्रावधान (कुल 13) तथा एडीईएन/पटियाला खंड में गैर-मानक ड्यूटी हट संख्या सी-40बी को जीर्ण-शीर्ण स्थिति में स्थित ड्यूटी हट संख्या सी-19ए, सी-34, सी-45, सी-46 से प्रतिस्थापित करना | Rs. 26052846.60 | Rs. 280300.00 | 06 महीने | 07.01.2026 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट WWW.IREPS.Gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 3897/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**




## भारतीय सेना की मारक शक्ति में बड़ा इजाफा

# अमेरिका ने तीन अपाचे हेलिकॉप्टर भारत को सौंपे, पाकिस्तान से सटी सीमा पर होंगे तैनात

यूएस से मिला एएच-64ई अपाचे हेलिकॉप्टरों का आखिरी बैच

पहले भारतीय वायुसेना भी 22 अपाचे हेलिकॉप्टर शामिल कर चुकी है



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

भारतीय सेना की युद्ध क्षमता में मंगलवार को एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया। अमेरिका ने एएच-64ई अपाचे अटैक हेलिकॉप्टरों का दूसरा और अंतिम बैच भारतीय सेना को सौंप दिया है। इस डिलीवरी के साथ ही सेना को अपने सभी 6 अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर मिल गए हैं, जिससे देश की सीमा सुरक्षा और आक्रामक क्षमता को नई धार मिली है।

**सनातन परंपरा से आधुनिक हथियारों का स्वागत**

अमेरिका से आए ये तीन अत्याधुनिक अपाचे हेलीकॉप्टर गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर उतरे। इसके बाद इन्हें राजस्थान के जोधपुर में स्थित 451 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन में शामिल किया जाएगा, जहां से ये रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इलाकों में तैनात किए जाएंगे। इन अपाचे हेलीकॉप्टरों को भारतीय सेना ने सनातन हिंदू परंपरा के अनुसार विधिवत पूजन के साथ अपने बेड़े में शामिल किया। मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि के साथ हुए इस पूजन ने यह स्पष्ट किया कि भारत में आधुनिक युद्ध तकनीक और हजारों वर्षों पुरानी सैन्य परंपराएँ साथ-साथ चलती हैं। सेना के जवानों द्वारा किया गया यह पूजन न केवल आस्था का प्रतीक था। बल्कि यह संदेश भी कि भारत अपने शस्त्रों को केवल हथियार नहीं, बल्कि राष्ट्र रक्षा का माध्यम मानकर सम्मान देता है।



**हिंदू परंपरा के अनुसार विधिवत पूजन के साथ अपने बेड़े में शामिल किया**

### अपाचे को फ्लाइंग टैंक भी कहते हैं

*अमेरिका में निर्मित एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टर को दुनिया के सबसे घातक और भरोसेमंद मल्टीरोल अटैक हेलीकॉप्टरों में गिना जाता है। इसकी असाधारण मारक क्षमता और युद्ध क्षेत्र में टिके रहने की ताकत के कारण इसे फ्लाइंग टैंक कहा जाता है। अपाचे हेलीकॉप्टरः हेलफायर मिसाइल, 70 मिमी रॉकेट, 30 मिमी चेन गन से लैस होते हैं, जिससे यह दुश्मन के बंकरों, टैंकों, सैन्य ठिकानों और एयर डिफेंस सिस्टम को सटीक तरीके से नष्ट करने में सक्षम है।*

### अमेरिकी दूतावास ने किया स्वागत

*एएच-64ई अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर्स की अंतिम खेप भारत पहुंचने पर अमेरिकी दूतावास ने इसका स्वागत किया। दूतावास ने कहा कि भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी की तहत किए गए वादे को पूरा किया गया है। इन हेलिकॉप्टर्स की डिलीवरी में पहले कई बार देरी हुई थी। अमेरिकी दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह डिलीवरी अमेरिका के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री कार्यालय की संयुक्त घोषणा पर अमल की दिशा में एक अहम कदम है।*

### रात, पहाड़ और दुर्गम इलाके में मार करने में पूरी तरह सक्षम

अपाचे हेलीकॉप्टर में लगे अत्याधुनिक सेंसर्स और नाइट फाइटिंग सिस्टम इसे दिन-रात किसी भी परिस्थिति में युद्ध के लिए सक्षम बनाते हैं विशेष रूप से पर्वतीय, रेगिस्तानी और जोखिमभरे इलाकों में इसकी भूमिका बेहद प्रभावी मानी जाती है। यही वजह है कि अमेरिकी सेना सहित कई देशों ने इसे अपने प्रमुख सैन्य अभियानों में इस्तेमाल किया है।

### 4,168 करोड़ रुपये का सौदा

भारत सरकार ने वर्ष 2020 में बोइंग कंपनी के साथ 4,168 करोड़ रुपए का सौदा कर भारतीय सेना के लिए 6 अपाचे हेलीकॉप्टर खरीदे थे। यह सौदा सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम माना जाता है।


---

राष्ट्रपति ट्रंप का नया फरमान

# अमेरिका ने सीरिया और माली समेत 39 देशों में ट्रैवल बैन बढ़ा दिया

**एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने पूर्ण यात्रा प्रतिबंध के दायरे में आने वाले देशों की सूची का विस्तार करते हुए सीरिया समेत सात और देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगा दी है।



व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप ने प्रतिबंध के लिए घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इस कदम के तहत बर्किना फासो, माली, नाइजर, दक्षिण सूडान, सीरिया और फलस्तीनी प्राधिकरण द्वारा जारी यात्रा दस्तावेजों वाले नागरिकों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस कार्रवाई के तहत लाओस और सिएरा लियोन पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिन पर पहले केवल आंशिक प्रतिबंध लागू थे। यह विस्तारित प्रतिबंध एक जनवरी से प रभावी होगा।

यह कार्रवाई ट्रंप के उस वादे के बावजूद की गई है जिसमें उन्होंने सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शारा के साथ नवंबर में हुई वार्ता के बाद सीरिया को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही थी।

### यूएस ने वेनेज़ुएला में तेल टैंकरों को घेरा

*अमेरिका और वेनेज़ुएला के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बड़ा कदम उठाते हुए वेनेज़ुएला में आने और वहां से जाने वाले सभी प्रतिबंधित तेल टैंकरों पर पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया है। यह कदम वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है। ट्रंप के इस नए कदम से दक्षिण अमेरिकी देश की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ने वाला है।*

---

*राहुल ने म्यूनिख में बीएमडबल्यू प्लांट देखा*

# कहा-भारत में मैन्युफैक्चरिंग में तेजी से आ रही है गिरावट

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को जर्मनी में कहा, मैन्युफैक्चरिंग मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ होती है। दुर्भाग्य से भारत में मैन्युफैक्चरिंग में गिरावट आ रही है। विकास को तेज करने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करना होगा। मैन्युफैक्चरिंग का इकोसिस्टम बनाना होगा।

राहुल गांधी प्रोग्रेसिव अलायंस के आमंत्रण पर तीन दिन के दौरे पर आज जर्मनी पहुंचे। ये अलायंस दुनियाभर की 117 प्रगतिशील राजनीतिक पार्टियों का एक प्रमुख समूह है। राहुल ने पहले दिन म्यूनिख स्थित ऑटोमोबाइल कंपनी बीएमडबल्यू के मुख्यालय का दौरा किया। यहां उन्होंने विभिन्न कारों और मोटरसाइकिलों के बारे में जानकारी ली। राहुल देर रात बर्लिन के कार्यक्रम में भाग लेंगे। बीएमडबल्यू और टीवीएस ने पार्टनशिप में 450सीसी की यह एडवेंचर बाइक बनाई है। राहुल इस बाइक पर बैठे भी।



बीएमडबल्यू बाइक पर राहुल गांधी

उन्होंने कहा- यह कमाल है। भारतीय इंजीनियरिंग पर हमें गर्व है। राहुल ने स्टाफ से इस बाइक की खासियत भी जानी। भारत में इसे अगले साल तक लॉन्च किया जा सकता है।

### यमुना एक्सप्रेसवे हादसे में जले शवों की पहचान शुरू

**मथुरा (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के हुए भीषण हादसे में बुरी तरह जले मानव अवशेषों की जांच शुरू होने के बाद इस घटना में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। हादसे में जान गंवाने वाले 13 लोगों में से अब तक सिर्फ पांच की ही पहचान हो पाई है। कई शव इतने जल गए थे कि उनकी तत्काल पहचान करना नामुमकिन था। डीएनए जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम करने वाले चिकित्सकों की एक समिति के अनुसार पुलिस मुर्दाघर में 10 मृतकों के सिर, दो अन्य के धड़ और एक लगभग साबुत शव लेकर आई थी, जबकि बाकी बैग में सिर्फ छोटे, बुरी तरह जले हुए अवशेष थे। अधिकारियों ने बताया कि सभी अवशेषों का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है और रिपोर्ट तैयार की जा रही है। पोस्टमॉर्टम हाउस के प्रभारी डॉक्टर गोपाल गर्ग ने बताया कि सभी इंसानी अवशेषों के नमूने इकट्ठा करके आगरा की विधि विज्ञान प्रयोगशाला में डीएनए परीक्षण के लिए भेजे गए हैं।

---




## मुल्कों ने शुल्कों को वैश्विक व्यापार के लिए हथियार की तरह इस्तेमाल किया: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को वैश्विक व्यापार की बदलती और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शुल्कों और अन्य उपायों के जरिए वैश्विक व्यापार को तेजी से 'हथियार' बनाया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस माहौल में भारत को बहुत सावधानी से अपना रास्ता तय करना होगा, और देश की समग्र आर्थिक मजबूती उसे एक अतिरिक्त लाभ प्रदान करेगी। वित्त मंत्री ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि अब यह पूरी तरह साफ हो चुका है कि वैश्विक व्यापार 'मुक्त और निष्पक्ष' नहीं रह गया है। भारत पर अक्सर लगाए जाने वाले आरोपों का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, भारत को यह कहकर लेक्चर दिया जा सकता है कि आप बहुत अंतर्मुखी हैं, आप 'टैरिफ किंग' हैं, वगैरह। लेकिन हकीकत यह है कि आज टैरिफ को ही हथियार बना दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का इरादा कभी भी शुल्कों को हथियार बनाने का नहीं रहा। भारत ने केवल अपने घरेलू उद्योगों को उस 'बाढ़' से बचाने के लिए कदम उठाए हैं जो किसी 'शिकारी' द्वारा की जाती है। उनका इशारा उन देशों की ओर था जो अनुचित व्यापार व्यवहार के जरिए भारतीय बाजारों में अपना सामान डंप करते हैं। वाशिंगटन स्थित अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो अक्टूबर में आईएमएफ द्वारा अनुमानित 6.6 प्रतिशत से थोड़ी अधिक है। गोपीनाथ ने कहा कि आईएमएफ ने भारत की विकास दर का अपना अनुमान राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जुलाई-सितंबर तिमाही की 8.2 प्रतिशत विकास दर जारी करने से पहले ही लगा दिया था।



---

फुटबॉलर मेसी ने अनंत अंबानी का वनतारा देखा...

# वाइल्डलाइफ सेंटर में आरती की अनंत-राधिका ने शेर के शावक का नाम लियोनल रखा

**गांधीनगर।** वर्ल्ड फुटबॉल स्टार लियोनल मेसी ने भारत के दौरे के दौरान अनंत अंबानी के वाइल्डलाइफ रेस्क्यू और संरक्षण केंद्र वनतारा का भी दौरा किया। इसकी तस्वीरें बुधवार रात जारी की गईं। यहां मेसी ने अनंत और उनकी पत्नी राधिका के साथ आरती की, भगवान की मूर्ति के सामने माथा टेका। मेसी ने एलिफेंट केयर सेंटर में दो साल पहले बचाई गई बीमार हाथी प्रतिमा के बच्चे मणिकलाल के साथ फुटबॉल खेली। इस मौके पर अनंत अंबानी और राधिका अंबानी ने एक शेर के शावक का नाम लियोनल भी रखा। उनके साथ उनके क्लब के फुटबॉल खिलाड़ी लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डि पॉल भी मौजूद थे। वनतारा रिलायंस के जामनगर स्थित रिफाइनरी परिसर के 3000 एकड़ ग्रीनबेल्ट में फैला हुआ है। वनतारा जानवरों को समर्पित अपनी तरह का देश का पहला सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। इस पूरे इलाके को घने जंगल की तरह विकसित किया गया है। वनतारा में 43 प्रजातियों के 2000 से अधिक जानवर हैं। आज यहां 200 हाथी, 300 से अधिक तेंदुए, बाघ, शेर, जगुआर, हिरण हैं।

**वर्ल्ड फुटबॉल स्टार ने वनतारा में फुटबॉल भी खेली**




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25